25- JULY- BSP- P-1_Layout 1 7/26/2025 12:18 AM Page 1

तापमान

अधिकतम 27.5 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



नेहरू चौक के आगे इंदिरा सेतु के पहले सड़क पर हो गया है गड्ढा। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।




# हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- क्या आप नहीं चाहते कि विकसित एयरपोर्ट बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर एयरपोर्ट के विकास को लेकर दायर दो जनहित याचिकाओं की एक साथ सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। शुक्रवार को चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच एयरपोर्ट के विकास में की जा रही लेटलतीफी को लेकर जमकर नाराज हुई। नाराज चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने महाधिवक्ता से यहां तक कह दिया कि आप स्टेटमेंट दे दीजिए कि हमसे कुछ नहीं हो पाएगा। हम दोनों पीआईएल को खत्म कर देंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि सरकार की ओर से पेश जवाब और अधिकारियों की बॉडी लैंग्जवेज देखकर तो यही लगता है कि आप लोगों में काम करने की इच्छा शक्ति ही नहीं है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कड़े शब्दों में राज्य सरकार से यह भी पूछ दिया कि कि क्या आप नहीं चाहते कि विकसित एयरपोर्ट बने। इसके लिए कोई खास प्रयास तो दिखाई नहीं दे रहा है। हाईकोर्ट ने मामले में केंद्र के रक्षा मंत्रालय के सचिव से और राज्य के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर जवाब मांगा है।



## खत्म कर देंगे दोनों जनहित याचिका

- डिवीजन बेंच ने महाधिवक्ता से यहां तक कह दिया कि आप स्टेटमेंट दे दीजिए कि हमसे कुछ नहीं हो पाएगा
- हाईकोर्ट ने मामले में रक्षा मंत्रालय के सचिव से और राज्य के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा में जवाब मांगा

एयरपोर्ट के विकास को लेकर हवाई सेवा समिति के साथ ही अधिवक्ता संदीप दुबे द्वारा दायर याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट की नाराजगी साफ नजर आई। एयरपोर्ट के काम को लेकर याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं आशीष श्रीवास्तव और संदीप दुबे ने डिवीजन बेंच को बताया कि जैसे पहले था, उसी हालात में एयरपोर्ट अब भी है। इसके बाद लेटलतीफी और गैर जिम्मेदारी को लेकर चीफ जस्टिस का गुस्सा फूट गया। हाईकोर्ट ने मामले में नागर विमानन मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय से भी जवाब तलब किया है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हवाई सेवा को लेकर जो भी निर्णय लेना हो, वह आगामी 8 सप्ताह के भीतर लिया जाए। इसके साथ ही रात्रि लैंडिंग सुविधा पर चल रहे कार्यों की स्थिति की जानकारी भी कोर्ट ने मांगी है। इसमें राज्य शासन को निर्देशित किया गया है कि वह इस संबंध में विस्तृत स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करे। हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि बिलासपुर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में हवाई सेवा की सुविधा को लेकर किसी प्रकार की अनिश्चितता अब स्वीकार्य नहीं है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 6 अक्टूबर 2025 को निर्धारित की गई है।

### छत्तीसगढ़ और दिल्ली में आपकी सरकार

डिवीजन बेंच ने महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत से कहा कि आप स्टेटमेंट दे दीजिए, हमसे कुछ नहीं हो पाएगा। हम दोनों पीआईएल को खत्म कर देंगे। नाराज चीफ जस्टिस ने सीधे महाधिवक्ता से पूछा कि एजी साहब यह सब क्या हो रहा है। छत्तीसगढ़ और दिल्ली में आपकी सरकार है। इसके बाद ये हाल है। चीफ जस्टिस की नाराजगी बढ़ते देख महाधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष फोटोग्राफ्स रखते हुए बताया कि एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग का काम चल रहा है। फोटोग्राफ्स देखते ही चीफ जस्टिस और नाराज हो गए। चीफ जस्टिस ने कहा कि आप खुद ही देखिए, क्या दिख रहा है। एक गाड़ी खड़ी है और पीछे कुछ लोग। काम कहां चल रहा है। यह तो इसमें दिख ही नहीं रहा है।

### कोई नई सरकार आएगी तो कुछ कर सकेगी

नाराज चीफ जस्टिस ने चीफ सिकरेट्री और डिफेंस सिकरेट्री को तलब करते शपथ पत्र के साथ जानकारी मांगी है। चीफ जस्टिस ने कहा कि सरकार के अधिकारियों के बाडी लैंग्वेंज को देखकर कहीं से नहीं लगता कि काम करने की इच्छा शक्ति है। जब सुनवाई होती है तब जवाब के लिए समय मांग लिया जाता है। एजी से कहा कि आप बोल दीजिए यह सब हमसे नहीं हो पाएगा। चीफ जस्टिस ने यहां तक कह दिया कि बिलासपुर का भाग्य जागेगा कोई नई सरकार आएगी तो कुछ कर सकेगी।

### रक्षा मंत्रालय ने 286 एकड़ पर काम करने अनुमति दी

सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि सैन्य मंत्रालय ने एयरपोर्ट के विकास के साथ ही रनवे की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाने के लिए 286 एकड़ जमीन पर काम करने की अनुमति राज्य सरकार को दे दी है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ताओं ने जब डिवीजन बेंच को यह जानकारी दी तब चीफ जस्टिस ने महाधिवक्ता से पूछा कि डिफेंस से अनुमति मिलने के बाद काम क्यों नहीं किया जा रहा है, अब कहां दिक्कतें आ रही है। तब एजी ने बताया कि जमीन के एवज में कीमत को लेकर बात अटकी हुई है। डिफेंस जमीन के बदले में ज्यादा पैसे की मांग कर रहा है। राज्य सरकार जमीन अपने हिस्से में लेने के बाद ही काम को आगे बढ़ाना चाहती है।

## श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट का चिकित्सा परामर्श कल

**बिलासपुर।** मूर्ति भगवान श्री वेंकटेश जी ट्रस्ट द्वारा निशुल्क धर्मार्थ चिकित्सालय, वेंकटेश परिसर, सीपत चौक (सुभाष चंद्र बोस चौक) सरकंडा में 27 जुलाई रविवार को सुबह 9. 30 बजे से दोपहर 12.30 तक निःशुल्क परामर्श शिविर लगाय जा रहा है। इसमें डॉ. राजेश शुक्ला, नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ.सुजय मुखर्जी अपनी सेवाएं देंगे। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक मरीजों से यहां आकर परामर्श लेने का अनुरोध किया है।

## स्वास्थ्य शिविर हरदेवलाल मंदिर परिसर में कल

**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ और हरदेव लाल भगवती मंदिर के सौजन्य से 27 रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रहेगा। शिविर का आयोजन हरदेव मां भगवती मंदिर प्रांगण गोल बाजार में किया जा रहा है। इसमें डा. शुभाशीष महतो, डा. आलोक सुल्तानिया, डा. महेन्द प्रसाद सामल, डा. गीता विश्वकर्मा, डा. एसबी सिंह, डा. प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगी।

**शिक्षा विभाग ने जारी किया एकेडमिक कैलेंडर** | शनिवार को भी अन्य दिनों की तरह सुबह 10 से शाम 4 बजे तक स्कूल खुलेंगे

# स्कूलों में हर शनिवार को हाफ डे अब खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के एक माह बाद शिक्षा विभाग ने एकेडमिक कैलेंडर जारी किया है। नए कैलेंडर के अनुसार, अब शनिवार को भी पूरी क्लास लगेगी हाफ डे की व्यवस्था खत्म कर दी गई है। शनिवार को भी अन्य दिनों की तरह सुबह 10 से शाम 4 बजे तक स्कूल खुलेंगे।

आदेश के मुताबिक हर शनिवार के बजाय महीने में दूसरे और चौथे शनिवार को बैगलेस डे रखा गया है। सिंगल शिफ्ट में लगने वाले वो स्कूल जो अब तक

**महीने में दो शनिवार बैगलेस डे होंगे**




शनिवार की सुबह 7 बजे 11 बजे लगते थे वे अब शनिवार को भी सामान्य दिनों की तरह सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे।

शिक्षा विभाग द्वारा जारी कैलेंडर के मुताबिक पहले और तीसरे शनिवार को सामान्य दिनों की तरह क्लास लगेंगी। हालांकि, दो शिफ्ट में लगने वाले स्कूलों में व्यवस्था यथावत रहेगी। इसके अलावा बच्चों का स्कूल में ही नियमित आंकलन शिक्षकों को करना होगा। हालांकि नए कैलेंडर को लेकर असमंजस की स्थिति भी बन रही है, क्योंकि पिछले एक महीने से स्कूल पुराने कैलेंडर के आधार पर चल रहे थे। इसके साथ ही कक्षा पहली के बच्चों को स्कूल में रुचि बढ़ाने और पढ़ाई के लिए तैयार करने रेडीनेस कार्यक्रम चलाया जाएगा। यह अभियान पिछले कुछ सालों से चला आ रहा है। रेडीनेस कार्यक्रम के लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग भी दी गई है।

### हेल्पलाइन, ट्रैफिक और सुरक्षा पर करेंगे जागरुक

स्कूल में कक्षाएं लगने से पहले होनी वाली प्रार्थना में बच्चों को किसी एक विषय के बारे में शिक्षकों द्वारा जानकारी दी जाएगी। इसके लिए एकेडमिक कैलेंडर में माहवार विषय भी दिए गए हैं। जुलाई में पर्यावरण जागरूकता और अगस्त में सुरक्षा के बारे में बच्चों को जानकारी दी जाएगी। इसमें बाल सुरक्षा एवं हेल्पलाइन, चोट लगने, आग लगने एवं यातायात के संबंध में बच्चों को जागरूक किया जाएगा।

### योग, व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां

दूसरे और चौथे को होने वाले ''बैगलेस डे'' में बच्चे बिना बस्ते के स्कूल जाएंगे और इस दिन स्कूलों में योग, व्यायाम, खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां आदि कराई जाएंगी। ''बैगलेस डे'' के दिन प्रत्येक प्राचार्य को अपने स्कूल के लिए माह के प्रत्येक शनिवार की गतिविधियों की पूर्वायोजना बनाने और इसे 'नोटिस बोर्ड' पर लिखने के लिए कहा जाएगा। शनिवार की विभिन्न गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा किए गए या बनाए गए कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# रेरा की कार्रवाई : लोविना कोट्र्स प्रोजेक्ट की खरीदी-बिक्री पर अंतरिम रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (सीजी रेरा) ने बिलासपुर स्थित लोविना कोट्र्स परियोजना में भूखंडों और मकानों की खरीदी-बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने का अंतरिम आदेश जारी किया है। यह कार्रवाई रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा के उल्लंघन के पर की गई है।

उल्लेखनीय है कि इस धारा के तहत प्रमोटर को प्रोजेक्ट के अंतर्गत आवंटियों से प्राप्त कुल राशि का कम से कम 70 प्रतिशत भाग एक अलग बैंक खाते में रखना अनिवार्य है। इस राशि का उपयोग केवल निर्माण कार्य और भूमि की लागत जैसे निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही किया जा सकता है। यह व्यवस्था घर खरीदारों के हितों की सुरक्षा और धन के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए की गई है। प्राधिकरण ने पाया कि लोविना कोट्र्स प्रोजेक्ट के प्रमोटर द्वारा इस नियम का उल्लंघन किया है। जिससे वित्तीय पारदर्शिता पर सवाल खड़े हुए हैं। सीजी रेरा ने परियोजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार की नई खरीद-फरोख्त, पंजीयन या लेन-देन पर रोक लगा दी है। सीजी रेरा के अनुसार यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि प्रमोटर द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उल्लंघनों का समाधान नहीं किया जाता। प्राधिकरण द्वारा निर्धारित शर्तों की पूर्ति नहीं कर दी जाती। यह त्वरित कार्रवाई रेरा की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है जिसके तहत वह घर खरीदारों की पूंजी की सुरक्षा, निर्माण प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रमोटरों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सतर्कता से कार्य कर रहा है। इस कदम से अन्य डेवलपर्स को भी यह स्पष्ट संदेश मिलेगा कि रेरा के प्रावधानों का पालन अनिवार्य है और किसी भी प्रकार की अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।




रेरा अधिनियम के उल्लंघन का मामला






25 JULY- BSP-PG-2_Layout 1 7/26/2025 12:42 AM Page 1





विनोबा नगर की सड़क पर भरा पानी।



तिफरा सब्जी मंडी चौक सड़क पर भरा पानी, लोग होते रहे परेशान।



झमाझम बारिश से श्रीकांत वर्मा मार्ग में नाली का गंदा पानी सड़क पर आया।

## खबर संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आज

**बिलासपुर।** कारगिल विजय दिवस पर 26 जुलाई शनिवार सुबह 10.45 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (से.नि.) कमांडर हरीश चन्द्र तिवारी ने बिलासपुर सहित आसपास के सभी जनपदों के भूतपूर्व सैनिकों से परिवार सहित शामिल होकर मां भारती के वीर शहीद सपूतों को याद करें तथा श्रद्धासुमन अर्पित करने अपील की गई है।

### गृहमंत्री शाह से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन ने की सौजन्य भेंट



**बिलासपुर।** आज केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली स्थित उनके कार्यालय में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री साहू ने अपने विभागीय कर्तव्यों और प्राथमिकताओं की प्रस्तुति देते हुए विभिन्न योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी साझा की। इस भेंट के दौरान दोनों नेताओं के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक शांति व्यवस्था, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास, शहरी विस्तार एवं सहकारी संगठनों की भूमिका जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की। श्री साहू ने कहा कि अमित शाह के निर्णायक नेतृत्व और दूरदृष्टि से देश में नक्सलवाद के विरुद्ध एक प्रभावी कार्यनीति विकसित हुई है, जिससे प्रेरणा लेकर हम छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में स्थायी शांति और विकास की दिशा में काम कर रहे हैं।

### कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज ने रिटायर्ड प्रो. की मौत की जांच के लिए सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** दो दिवस पहले स्वर्ण जयंती नगर रिंग रोड 2 में पानी भर जाने पर रिटायर्ड प्रोफेसर डा आलोक दीक्षित जिन्होंने इन्वर्टर का प्लग निकालने की कोशिश रात्रि में की तो तत्काल करंट लगने से उनकी मृत्यु हो गई। इस पर कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित व सचिव राजेश शुकला के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी कलेक्टर संजय अग्रवाल व निगम कमिश्नर अमित कुमार से भेंट कर इस घटना की जांच व दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही उचित मुआवजा की मांग की है। भेंट के दौरान शहर में जल भराव व निकासी के संबंध में भी चर्चा की गई है। इस अवसर पर मनोज शुक्ला, मनीष दीक्षित, अजय शुक्ला, निरूपमा बाजपेयी, रीतेश शुक्ला, विमलेश बाजपेयी, मनीष मिश्रा, विक्रान्त तिवारी, वीरेश राजा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### आरक्षक भर्ती: लिखित परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

**बिलासपुर।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग की सीधी भर्ती वर्ष 2023-24 अंतर्गत 16 नवंबर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक बिलासपुर रेंज, भर्ती केन्द्र क्रमांक-01, 2री वाहिनी, छसबल, सकरी में जिला बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली एवं गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही के सम्मिलित अभ्यर्थियों का दस्तावेज परीक्षण, शारीरिक मापजोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया गया। शारीरिक दक्षता परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर लिखित परीक्षा के लिए पात्र पाए गए 15 गुना अभ्यर्थियों की सूची पुलिस मुख्यालय रायपुर के अधिकारिक वेबसाईट **cgpolice.gov.in** पर अपलोड किया गया है। लिखित परीक्षा के लिए योग्य अभ्यर्थियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया जाना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन पश्चात लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र व्यापम के वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। लिखित परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल के वेबसाइट **vyapamcg.cgstate.gov.in** पर अपना रजिस्ट्रेशन करावें।

### बच्चों के समग्र विकास के लिए बनाएं कार्ययोजना: कलेक्टर

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिले के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों एवं प्राचार्यों की संयुक्त बैठक देवकीनन्दन दीक्षित सभा भवन, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर में आयोजित की गई। कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों को निर्देश दिए कि वे विद्यालय में नियमित कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें। शिक्षकों की उपस्थिति पर विशेष निगरानी रखें और कमजोर छात्रों पर ज्यादा ध्यान देते हुए उनके लिए विशेष कक्षाएं आयोजित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि छात्रों में नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक ज्ञान का भी विकास होना चाहिए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, जिला मिशन समन्वयक ओम पाण्डेय, सहायक परियोजना अधिकारी रामेश्वर जायसवाल सहित जिला शिक्षा कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे। आभार प्रदर्शन वर्षा शर्मा ने किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों में लगातार कम हो रही बच्चों की संख्या

# आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे निजी प्ले स्कूलों की बढ़ा रहे शोभा, अस्तित्व बचाने की चल रही पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की संख्या लगातार कम हो रही है। घटती संख्या से शहर के आंगनबाड़ी केंद्र तो काफी पहले से ही प्रभावित हैं, लेकिन शहर से पंद्रह किमी दूर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र भी अब इसकी ज़द में आने लगे हैं। तीन से छह साल की उम्र के बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास का जिम्मा आंगनबाड़ी केंद्रों का है, लेकिन ढाई साल की उम्र में पहुंचते ही बच्चा निजी स्कूलों के हवाले कर दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों का अस्तित्व बचाए रखने के लिए यह एक बड़ा चैलेंज है।

- ढाई साल की उम्र से ही निजी स्कूलों की ओर रुख कर रहे बच्चे

निजी स्कूलों की बढ़ती संख्या ने आंगनबाड़ी केंद्रों को सीमित करना शुरू कर दिया है। लगभग तीन दशक पहले तक एक समय था जब आर्थिक दृष्टि से पर्याप्त संपन्न माता-पिता भी अपने बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों में भेजते थे। बच्चा एक से दो घंटे माता-पिता से दूर रहकर आंगनबाड़ी केंद्र में विभिन्न गतिविधियों में शामिल होता था, जो भविष्य में उसके स्कूली जीवन की शुरूआत से पहले की ट्रेनिंग होती थी। आज लोग आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति को स्टेटस से जोड़कर देखने लगे हैं। यही कारण है कि बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में कम और प्ले स्कूलों में ज्यादा नजर आने लगे हैं।

आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति की दो श्रेणियां हैं।। पहली श्रेणी में छह माह से तीन साल के बच्चों को दर्ज किया जाता है। इसी तरह दूसरी श्रेणी में तीन साल से छह साल के बच्चे शामिल किए जाते हैं। शून्य से तीन साल वाले बच्चे केवल नाम के लिए दर्ज रहते हैं, जो छोटी उम्र होने के कारण आंगनबाड़ी केंद्रों में नहीं आ पाते। इन बच्चों के नाम सिर्फ शासन की योजनओं का लाभ देने के लिए दर्ज किए जाते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह साल के बच्चों की ही उपस्थिति मुख्य है, जिसे ध्यान में रखकर सारी एक्टिविटी करवाई जाती है। दिक्कत यह है वर्तमान में शहर में दर्जनों प्ले स्कूल स्थापित किए जा चुके हैं, जहां बच्चों को ढाई साल की उम्र में ही प्रवेश दे दिया जाता है। परिणामस्वरूप आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे निजी प्ले स्कूलों में नजर आने लगे हैं।

जिले में वर्तमान में 1925 आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित हैं, जहां डेढ़ लाख से भी अधिक बच्चों की संख्या दर्ज है। दिक्कत यह है कि यह संख्या सिर्फ कागजों में है। असल में प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र जाकर गतिविधियों में शामिल होने वाले बच्चों की संख्या बेहद कम है। बच्चों की संख्या बढ़ाने विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। सहायिकाएं उपस्थिति बढ़ाने एक-एक बच्चे का दरवाजा खटखटातीं हैं, लेकिन उन बच्चों की आंगनबाड़ी केंद्र में वापसी कैसे होगी, जो अब प्ले स्कूलों की शोभा बढ़ा रहे हैं?



**आंगनबाड़ी नहीं, प्ले स्कूल में पढ़ेगा बच्चा**

आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल की श्रेणी में नहीं आते। यह एक ऐसी संस्था है, जो खेल-खेल में बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास करती है। दिक्कत यह है कि माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए अब इतने जागरूक हो चुके हैं कि खेल-खेल में पढ़ाई करवाने के लिए भी वे आंगनबाड़ी केंद्रों की मदद लेने की बजाए, प्ले स्कूलों का चयन करते हैं। प्ले स्कूलों में अपने बच्चों को सिर्फ खेलने भेजने के लिए भी वे डोनेशन व मासिक फीस के रूप में मोटी रकम खर्च करने के लिए तैयार हैं। ऐसा करने वालों में अब केवल शहरी अभिभावक नहीं, बल्कि ग्रामीण माता-पिता भी शामिल हो चुके हैं।

#### कार्यप्रणाली बेहतर करने का है प्रयास

ढाई-तीन साल की उम्र में कोई माता-पिता अगर अपने बच्चे को आंगनबाड़ी की बजाए निजी प्ले स्कूलों में भर्ती करना चाहते हैं तो यह उनका विशेषाधिकार है। निजी स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर है, जिससे माता-पिता बच्चों को वहीं भर्ती करना चाहते हैं। यह चलन अब सिर्फ शहर ही नहीं, बल्कि गांवों तक फैल चुका है।

**-सुरेश सिंह,** जिला कार्यक्रम अधिकारी,
महिला एवं बाल विकास विभाग

## वाहन 108 के कर्मियों के बीच मारपीट, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** एक्के नंबर सबो बर यानी वाहन 108 के कर्मचारियों के बीच आपस में मारपीट का मामला थाने तक पहुंच गया है। सकरी पुलिस ने चालक जैनुद्दीन खान की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि यदुनंदन नगर निवासी प्रार्थी जैनुद्दीन खान पिता बुढारूद्दीन खान 108 का वाहन चालक है। गुरूवार की रात को वह वाहन लेकर रायपुर गया था, और रात में ही वापस आया। इस दौरान वह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरी आकर रात 12.5 मिनट पर अपना 108 वाहन सुनील गढ़ेवाल को टेकओवर कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद आरोपी विनोद मिश्रा मुझे गाड़ी क्यो नहीं दे रहा है कह कर गाली गलौज करने लगा। देखते-देखते ही मामला इतना बढ़ा कि विनोद मिश्रा ने जान से मारने की धमकी देते हुए जैनुद्दीन के सिर पर पत्थर से वार कर दिया।जिससे उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। आसपास के स्टाफ ने उसे अस्पताल पहुंचाया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### निःशुल्क शल्य शिविर के लिए पंजीयन प्रारंभ

**बिलासपुर।** अभा विकलांग चेतना परिषद का 62 वां निःशुल्क शल्य शिविर 23 अगस्त को सुबह 9 से जिला अस्पताल, पुराना बस स्टैंड में किया जाएगा। शिविर के लिए अग्रिम पंजीयन प्रारंभ है। परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक एवं राष्ट्रीय महामंत्री मदनमोहन अग्रवाल ने बताया कि स्व. मांगीबाई - स्व. उदयलाल अग्रवाल की स्मृति में, डॉ. राधेश्याम- गायत्री देवी अग्रवाल के प्रायोजन में, जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र के सहयोग से किया जाएगा। इस शिविर में पोलियो ग्रस्त टेढ़े-मेढ़े पैरों और अन्य प्रकार के पैरों की विकृतियों को शल्य क्रिया से उपचार कर के ठीक किया जाएगा।

## अधोसंरचना के कार्य से ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

- 2 से 3 अगस्त को नान इंटरलाकिंग



**बिलासपुर।** रेलवे मंडल के कोतरलिया एवं जामगा के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के कोतरलिया एवं जामगा के बीच आटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य 2 से 3 अगस्त को किए जाने के कारण नान इंटरलाकिंग कार्य किया जाएगा। इस ब्लाक की वजह से केवल एक दिन के लिए मेमू ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 3 अगस्त को 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 2 अगस्त को 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर और 3 अगस्त को 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर के पहिए थमे रहेंगे। इसके अलावा 3 अगस्त को गोंदिया एवं झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली 68861/68862 गोंदिया से झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा से गोंदिया के बीच चलने वाली मेमू को बिलासपुर में समाप्त करते हुए बिलासपुर एवं झारसुगुड़ा के बीच रद्द किया जाएगा।

इसी तरह नागपुर मंडल के गोंदिया एवं गंगाझरी रेलवे स्टेशन के बीच रोड ओवरब्रिज पर गर्डर लांचिंग कार्य 27 जुलाई की रात 22.30 बजे से 28 जुलाई को 1.00 बजे तक होगा। इसके कारण 27 जुलाई को 58205 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर, 28 जुलाई को सुभाषचंद्र बोस इतवारी से चलने वाली 58206 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर को रद्द किया जाएगा।

2 अगस्त को बैंक में लेनदेन बंद रहेगा

## बिलासपुर डाक संभाग में एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी प्रणाली 4 से लागू

**बिलासपुर।** भारतीय डाक विभाग ने अगली पीढ़ी की एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी प्रणाली के लागू होने की घोषणा की है। यह डिजिटल नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो डाक सेवाओं को स्मार्ट, कुशल और अधिक ग्राहक-अनुकूल बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस परिवर्तनकारी पहल के अंतर्गत, उन्नत प्रणाली को 4 अगस्त से बिलासपुर डाक संभाग के सभी डाकघरों में लागू किया जाएगा।

इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म में सुचारु और सुरक्षित ट्रांज़िशन सुनिश्चित करने के लिए 2 अगस्त को कार्य प्रभावित रहेगा। 2 अगस्त को रेल डाक सेवा बिलासपुर में बुकिंग कार्य सुचारू रूप से संचालित रहेगी। जिसके दौरान डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेन-देन नहीं होगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम वैलिडेशन और कॉनफ़िगरेशन प्रक्रियाओं को पूरा करना आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली सुचारु रूप से चालू हो सके। एडवांस पोस्टल टेक्नोलॉजी एप्लिकेशन को विशेष रूप से बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज़ सेवा वितरण और अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह हमारे इस संकल्प को दर्शाता है कि हम स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक सेवाएं प्रदान करेंगे।



डाक विभाग के अधीक्षक विनय प्रसाद ने ग्राहकों से अनुरोध करते हुए कहा है कि इस अल्पकालिक व्यवधान के दौरान हमारा साथ दें। ये कदम बेहतर, तेज़ और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त सेवाएं प्रदान करने के उठाया जा रहा है। अधीक्षक डाकघर ने बताया कि उक्त प्रणाली को लागू करने के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। इस प्रणाली के लागू होने से उपभोक्ताओं को लेन देन में काफी सुविधा होगी और समय बचेगा।

### हेल्थ प्लस

## अर्पण शुगर क्लीनिक में 20 हजार से ज्यादा मरीजों का सफल उपचार

**बिलासपुर।** अर्पण शुगर क्लीनिक में 20 हजार से ज्यादा मरीजों का सफल उपचार किया गया है।

इस संबंध में डा. यशवंत दुबे ने बताया कि हमारी टीम ने 20 हजार से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया व लगभग 20 हजार से ज्यादा लोगों का शुगर व ब्लड प्रेशर स्क्रीन किया। इस बीमारी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए प्रेरित किया। साल में न्यूनतम 4 बार परामर्श संभव हो पाया। जिससे हमारे 70% से भी ज्यादा मरीज नियमित रूप से परामर्श कर रहे हैं। वह पूर्णता स्वस्थ हैं। लोगों को नियमित ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर जांच एवं आंख, हार्ट, किडनी के जांच के लिए हर बार काउंसलिंग किया जाता है। इंसुलिन के प्रति हमने संदेह या मिथ्या को दूर किया और लोगों को स्वस्थ कर हमने दिखाया कि डायबिटीज के इलाज इंसुलिन सबसे सुरक्षित व असरदार दवा है। आहार विशेषज्ञ से डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल एवं थायराइड नियंत्रण का महत्व को समझाया। हमारी टीम में बहुत कम समय में न केवल शुगर नियंत्रित करने की क्षमता है बल्कि सतत ब्लड शुगर मॉनिटरिंग के द्वारा शुगर के उतार चढ़ाव पर नियंत्रण पाया। हमारी टीम द्वारा पैरों की जांच (पोडिया स्कैनिंग, डॉप्लर, न्यूरोपैथी जांच, मोनोफिलामेंट जांच) द्वारा की जाती है। पैरों की रख रखाव के बारे में बताया जाता है जिससे हमारे एक भी मरीज को डायबिटीज फुट की समस्या नहीं आई है।



हमारे क्लीनिक में मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी काउंसलिंग की जाती है। यह सुविधा दी जाने वाली यह मध्य भारत की पहली शुगर क्लीनिक है।

### एजुकेशन प्लस

## एलसीआईटी के विद्यार्थियों का परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिलासपुर।** अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त एलसीआईटी कालेज आफ कामर्स एण्ड साइंस के विभिन्न संकायों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम से न केवल संस्था को बल्कि समाज को भी गौरवान्वित किया है। इसका श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं लगन को जाता है। संस्था के चेयरमैन प्रमोद जैन ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि

उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम का श्रेय अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को जाता है। प्राचार्या डॉ अर्चना शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करने संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधियां जैसे कि शैक्षणिक भ्रमण, अंतर महाविद्यालयीन क्रीड़ा स्पर्धा, सेमीनार वर्कशॉप इत्यादि कराई जाती है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो और इस प्रकार के आयाम उपलब्ध करवाने एलसीआईटी संस्था सदा प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकायों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों में काफी रुझान देखने को मिल रहा है। संस्था में वाणिज्य संकाय में बीकॉम (ऑनर्स), बीबीए (ऑनर्स), एमकॉम, कला संकाय में बीए (ऑनर्स) (राजनीति विज्ञान समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, इतिहास एवं अंग्रेजी साहित्य), एम ए भूगोल, विज्ञान संकाय में बीएससी (ऑनर्स) (मैथ्स, कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी माइक्रो -बायोलॉजी एवं बायोटेक्नोलॉजी), एमएससी (रसायन, जूलॉजी, एवं कंप्यूटर साइंस) तथा विधि संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम में कोर्स संचालित है। इस सत्र से महाविद्यालय में दो नवीन पाठ्यक्रम बीबीए, एलएलबी एवं एमएससी बायोटेक्नोलॉजी प्रारम्भ होना प्रस्तावित है। प्रवेश प्रमुख अभिनव पॉल ने बताया की बहुत से विषयों में लगभग सीट भर गई है। प्रवेश के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। संस्था में उपलब्ध सुविधाएं जैसे लाइब्रेरी, सभी संकायों की अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, खेलों के ग्राउंड, कैंटीन, कैफेटेरिया, हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट इत्यादि अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को आकर्षित करती है।



डॉ. सीवी रामन यूनिवर्सिटी में एकीकृत कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय सेमिनार

## लघु कृषक एकीकृत कृषि प्रणाली से कृषि को स्थायित्व भी प्रदान कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में जीवन विज्ञान विभाग के तत्वावधान में लघु कृषकों की स्थिरता के लिए एकीकृत कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि और वैज्ञानिक समुदाय के 14 विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि सेंट्रल सिल्क बोर्ड, बैंगलोर के वैज्ञानिक प्रोफेसर एस. वी. दानडीन थे। जो कि पूर्व कुलपति एवं निदेशक रह चुके हैं। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों और भूमि में भी लघु कृषक एकीकृत कृषि प्रणाली अपनाकर कृषि को न केवल लाभकारी बना सकते हैं, बल्कि उसे स्थायित्व भी प्रदान कर सकते हैं। सेमिनार में डॉ. मथुरा मूर्ति, डॉ. टी. सिल्वा कुमार, डॉ. जयारामा राजू पी., डॉ. एस. के. पुनवेल, डॉ. के. झांसी लक्ष्मी, सौदामनी पी. वी., डॉ. जेपी पांडेय, डॉ. एमएस राठौर, डॉ. हसनसाब नदफ, डॉ. आर श्रवण कुमार, डॉ. एसएस मोहनराज, डॉ. माला ऐन, श्रीमती जे. कोमल ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी पांडे, डॉ. अन्तु कुर्रे, सुश्री साक्षी दुबे, सुश्री अंकिता रिडिलवार, डॉ. डी. के. सोनी ने किया। दर्शक दीर्घा से प्रखर शर्मा द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर प्रस्तुतकर्ता ने सहजता से दिया। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. ज्योति पांडेय, डॉ. हेमलता निषाद, डॉ. हिमानी सान्डे, डॉ. ममता साहू, ज्योति श्रीवास, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. प्रतिभा पांडेय, सुश्री दरक्षन सलीमा, वासुदेव कौशिक, देव मुनी पोर्ते, श्री अशोक प्रजापति और डॉ. अभिषेक शर्मा का योगदान रहा।




#### मजबूती प्रदान करेगा किसान: कुलपति

इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी. के. घोष ने कहा कि चक्रीय कृषि प्रणाली को अपनाते हुए मशरूम उत्पादन और कुक्कुट पालन को एकीकृत कर एक सुदृढ़ कृषि ढांचा तैयार किया जा सकता है। इससे उत्पादन और मुद्रा प्रवाह दोनों में वृद्धि होगी, जो कृषक आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान करेगा।

#### मत्स्य पालन को शामिल करना चाहिए : कुल सचिव

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी ने मत्स्य पालन को कृषि प्रणाली में सम्मिलित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अमित शर्मा ने किया। मुख्य अतिथियों का स्वागत विभिन्न संकायों के डीन और विभागाध्यक्षों ने किया। स्वागत उद्बोधन डॉ एके श्रीवास्तव ने किया।

## एसडीआरएफ को मिली बह चुकी कार, मासूम की तलाश जारी

# झलमला नाले की लहरों में बही कार, 3 वर्षीय मासूम लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

■ मंदिर दर्शन से लौटते वक्त हुआ हादसा

हरेली पर्व की खुशियां एक परिवार के लिए मातम में बदल गईं, जब उनकी वेगनआर कार झलमला के तुंगन नाले के तेज बहाव में बह गई। हादसे में कार में सवार 9 में से 8 लोग तो किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन 3 वर्षीय मासूम तेजस अब भी लापता है।

गुरुवार रात 8:30 बजे हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर सुबह से ही मौके पर पहुंच गए और पूरा दिन घटनास्थल पर डटे रहे। उन्होंने लगातार रेस्क्यू टीम से संपर्क बनाकर कार्यों की निगरानी की और परिजनों को ढांढस बंधाया।




झलमला नाले में बही कार को निकालने का प्रयास करते ग्रामीण एवं लापता बच्चे की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम एवं ग्रामीणजन, इनसेट में लापता बच्चा।

### उच्चभट्ठी से दर्शन कर लौट रहा था परिवार

ग्राम खम्हरिया निवासी मोहनलाल साहू 29 वर्ष हरेली पर्व पर अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ ग्राम उच्चभट्ठी के शिव शक्ति पीठ मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी वेगनआर कार झलमला गांव के तुंगन नाले के पुल पर पहुंची, वहां करीब 3 फीट बहते पानी में फंस गई। मोहनलाल ने पानी के बीच से कार निकालने की कोशिश की, लेकिन कार का संतुलन बिगड़ गया और वह लगभग 60 फीट दूर पुल से नीचे बह गई।

### एसडीआरएफ को मिली कार, मासूम अब भी लापता

घटना की सूचना मिलते ही सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी अपनी टीम और डायल 112 के साथ मौके पर पहुंचे एवं रात भर ग्रामीणों के साथ रेस्क्यू चलता रहा। शुक्रवार सुबह एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया और झलमला व उच्चभट्ठी के बीच बह चुकी कार को बरामद कर लिया, लेकिन मासूम तेजस का अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका।

### 8 ने तैरकर बचाई जान, बह गया मासूम

कार में 2 पुरुष, 2 महिलाएं व 5 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद सभी ने दरवाजा खोलकर बहाव में तैरने की कोशिश की। चार बच्चे भी सुरक्षित निकाल लिए गए, लेकिन तीन साल का तेजस, जो अपनी मां की गोद में था, पानी के तेज झटके में हाथ छूटने से कार के साथ ही बह गया।

#### क्षेत्र में शोक की लहर

हरेली पर्व के दिन हुई इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मासूम तेजस की सलामती की दुआ हर जुबां पर है। पर्व की खुशियां गम में तब्दील हो चुकी हैं और गांव में हर चेहरा मायूस है।

## बारिश के कारण मकान गिरा जान बचाकर भागे ग्रामीण



**लोरमी।** ग्राम चंदली में भारी बारिश के के कारण खपरैल युक्त मकान ढह गया, जिससे मकान में रहने वाले लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम चंदली निवासी दिनेश केशरवानी पिता स्व गोविंद केशरवानी वार्ड 6 में तीन कमरे के खपरैल मकान में निवास करते थे। अचानक तेज बारिश से मकान धरासायी हो गया। गौरतलब है कि क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है एवं बारिश के कारण कच्चे मकानों के गिरने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं।

#### दी जाएगी आर्थिक मदद

पटवारी से स्थल निरीक्षण करवा कर जल्द ही मुआवजा प्रकरण तैयार कर पीड़ति को आर्थिक मदद प्रदान की जाएगी।

- **एमके कौशिक**, तहसीलदार

# नदी में तब्दील हुई बरेला नेशनल हाइवे सड़क

■ जान जोखिम में डालकर जाना पड़ता है तखतपुर

**जरहागांव।** बरसात के समय बरेला पेट्रोल पंप के पास नेशनल हाइवे मुख्य मार्ग पर कमर तक पानी भर जाता है, जिससे राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क पार करना पड़ता है।

भारी मशक्कत के बाद यदि आदमी वहां से निकल भी जाए तो पानी से लबालब मनियारी पुल और उस पर अदृश्य गड्ढों के भय से राहगीरों के हाथ पैर कांपने लगते हैं। महज एक किलोमीटर के अंतराल में दो जगहों पर खतरा होने से कारण बरसात के दिनों में लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।



बरेला के पास सड़क पर भरा बारिश का पानी।

**घरों व दुकानों में घुस रहा है पानी:** पेट्रोल पंप के पास एनएच सड़क पर बरसात का पानी नदी की तरह बह रहा है एवं पानी निकासी के लिए बनी नाली पानी को खींचने के लिए पूरी तरह से कारगर साबित नहीं हो रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूली बच्चे, महिलाएं सायकल व स्कूटी चलाते समय अदृश्य गड्ढों में गिर रहे हैं एवं बारिश के कारण उनकी मदद करने कोई नहीं पहंच पाते। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में एक स्कूटी सवार महिला गड्ढे में गिर गई एवं 15 मिनट तक सड़क पर फंसी रही।

#### निकासी की कोशिश

पेट्रोल पंप के पास पानी भरने की शिकायत हमेशा रहती है। बरसात का पानी तीन किलोमीटर आगे से आता है, चूंकि कुछ लोगों ने नाली पाटकर छोटी कर दी है, जिसमें नाली की पानी खींचने की छमता कम हो गई है। इस समस्या के विषय में एनएच विभाग एवं कलेक्टर तक जानकारी भेजी जा चुकी है। नगर पंचायत की ओर से जेसीबी से मिट्टी हटाकर पानी निकासी करने की कोशिश की जा रही है।

- **नरेश पटेल**
अध्यक्ष नगर पंचायत बरेला

#### किया जाएगा समाधान

बरेला बिजली आफिस पेट्रोल पंप के पास एनएच पर पानी भरने की जानकारी प्राप्त हुई है। इस पर तत्काल नगरपंचायत सीएमओ से बात कर समस्या का समाधान किया जाएगा

- **पार्वती पटेल**, एसडीएम मुंगेली

# जलभराव क्षेत्रों का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क, पुल–पुलिया एवं संभावित जलजमाव स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बरेला क्षेत्र में सड़क पर जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल वैकल्पिक जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि भारी बारिश की स्थिति में यातायात बाधित न हो। कलेक्टर ने कहा कि सड़क मार्गों पर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए एवं जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बीरगांव, बिलासपुर–मुंगेली बायपास सड़क सहित अन्य स्थलों का दौरा कर बाढ़ पूर्व आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की।

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ अथवा अतिवृष्टि की स्थिति में जन–धन की क्षति को रोकने के लिए सभी एहतियाती उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव सामग्री सहित आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और लोगों से अपील की कि भारी वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति में अनावश्यक रूप से नदी–नाले को पार न करें। पुलिस अधीक्षक ने भी संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर संवेदनशील क्षेत्रें में सतत निगरानी रखने एवं आपदा की स्थिति में तत्काल राहत कार्य प्रारंभ करने हेतु तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि कहीं भी पानी का बहाव अधिक हो, तो तुरंत वहां चौकसी बढ़ाई जाए और लोगों को पार करने से रोका जाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



नदी तट का निरीक्षण करते कलेक्टर–एसपी।

## जपं कार्यालय में भरा पानी, कामकाज ठप



**मस्तूरी।** स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में बारिश का पानी भर जाने की वजह से शुक्रवार को पूरे दिन काम काज ठप्प रहा, अधिकांश कर्मचारी भी नदारत रहे एवं सीईओ पानी निकासी के लिए माथापच्ची करते नजर आए।

इस दौरान फरियाद लेकर पहुंचे ग्रामीण जनपद कार्यालय का तालाब जैसा नजारा देखकर स्वयं ही वापस लौट गए। जनपद पंचायत क्षेत्र के 131 ग्राम पंचायतों के 174 गांव का जिम्मा संभालने वाला ब्लॉक कार्यालय अपने हालात पर आंसू बहाने को विवश है। नए राज्य गठन के बाद से जपं कार्यालय में निर्वाचित होकर पहुंचे जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों एवं विधायकों ने हमेशा से नए जपं भवन निर्माण को लेकर बैठकं में बड़ी-बड़ी चर्चाएं करते नजर आए, बारिश का मौसम बीतने के बाद यह भवन निर्माण की बात आई गई हो गई। इसी का नतीजा है कि पिछले कई वर्षों से बरसात के समय कार्यालय में जलभराव की वजह से कार्यालय का शासकीय कामकाज ठप हो जाता है। हर साल की तरह इस बार भी मस्तूरी जपं कार्यालय में बारिश का पानी भर जाने से कार्यालय परिसर तालाब में तब्दील हो गया है एवं कार्यालय का कामकाज ठप पड़ गया है। साथ ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

#### की जा रही व्यवस्था

जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में भरे पानी को मोटर पंप से निकालने की व्यवस्था की जा रही है। इसके बाद कार्यालय का काम काज सुचारू रूप से संचालित किया जा सकेगा।

- **जेआर भगत**, सीईओ

## लीलागर नदी का जल स्तर बढ़ा, लोगों को सुरक्षित स्थान पर किया गया शिफ्ट




**मल्हार।** तीन दिन की भारी बारिश से नदी-नालों के साथ खेत भी जलमग्न हो गए, वहीं निचले इलाकों में जलजमाव से लोगों को परेशानियों का समना करना पड़ा। लीलागर नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण शुक्रवार दोपहर तक पुल से 5 फिट ऊपर पानी का बहाव देखा गया। ऐसे में बाढ़ के खतरे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने नदी के किनारे रहने वाले लोगों से जल्द ही वहां से निकलने की अपील की। सीएमओ मनीष सिंह व चौकी प्रभारी ओंकार धर दिवान ने सुबह मौके पर पहुंच कर लोगों को समझाइश दी कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों के लोगों को रहने के लिए मंगल भवन में व्यवस्था की गई है।

#### शिफ्ट किया गया

शाम होते ही लीलागर नदी का जलस्तर बढ़ने लगा, जिससे नदी किनारे 10 से ज्यादा घरों के 40 लोगों को चौकी प्रभारी ने अपने स्टाफ व नपं उपाध्यक्ष सुशील राजा चौबे व लोगों की मदद से सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया। साथ ही क्षेत्र के अन्य स्थानों के लोगो को भी मुनादी कर नदी के पास नहीं जाने अपील की गई है।

#### जलभराव से परेशानी

लगातार हुई बारिस से निचले इलाके पूरी तरह से जलमग्न हो गए, सबसे ज्यादा जलभराव पुलिस चौकी से पोस्ट ऑफिस तक देखने को मिला। यहां शुक्रवार की सुबह सड़क से 3 फिट ऊपर तक पानी बहता रहा, जिसके चलते आवागमन बाधित रहा एवं लोगों के घरों में पानी घुस गया। दोपहर को बारिश थमने के बाद स्थिति में कुछ सुधार हुआ।

## समय पर नहीं मिला खाद तो फसल को होगा नुकसान

# यूरिया-डीएपी की किल्लत, किसान हो रहे परेशान

**मुंगेली।** खरीफ सीजन के चरम पर होने के बावजूद यूरिया और डीएपी खाद की भारी किल्लत ने जिले के किसानों को संकट में डाल दिया है। समय पर खाद न मिलने से फसल उत्पाद पर असर पड़ने की आशंका गहराने लगी है। जिले के विभिन्न सेवा सहकारी समितियों में खाद की आपूर्ति ना के बराबर है, जिसमें किसानो को खुले बाजार में महंगे दामों पर खाद खरीदने विवश और मजबूर हो रहे हैं।

जानकारी अनुसार जिले में 31 हजार 755 टन खाद का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें से 21 हजार 677 टन खाद का वितरण किया जा चुका है। अब तक खाद पर्याप्त मात्र में आपूर्ति नहीं हो सकी है पूर्व में मिली खाद किसानों को वितरण की जा चुकी है। अभी भी बड़ी संख्या में किसान खाद के इंतजार में है। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष विवेकानंद साहू ने कहा कि जिले में वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रे के किसान लगातार खाद की कमी से जूझ रहे हैं। इस संदर्भ में



विभाग को कई बार जानकारी देने के बाद भी कोई ठोस पहल आज तक नहीं की गई। अधिकारियों की लापरवाही एवं लचर व्यवस्था के कारण किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं और खाद माफिया मोटे रकम कमा रहे हैं। उन्होने बताया कि 266 रूपए मे मिलने वाली यूरिया को 400-500 रूपए में मिल रही है। जबकि डीएपी 1350 रूपए में मिलने वाली 1800-1900 रूपए में मिल रही है। इसके बावजूद शासन प्रशासन मुख दर्शक बना हुआ है। खाद विक्रेता किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर मनमाने दामों में खाद बेच रहे हैं। मानपुर निवासी कृषक लक्ष्मन लहरे, शिव लहरिया, भूरू ने बताया कि सोसायटी से खाद समय पर नही मिलती उन्हे ऊंचे दामों पर बाजार से ही खरीदनी पड़ती है। किसान संघ के पदाधिकारियों ने अनेकों बार इस संदर्भ में जानकारी चाहा कि जिले में खाद डीलर विक्रेताओं के द्वारा कितना टन खाद आया और कितना टन की बिक्री हो गई है और कितना टन खाद वर्तमान स्टाक में है। विक्रेताओं के द्वारा अमानक खाद, बीज और कीटनाशक बेची जा रही है। किसानों को विक्रेताओं के द्वारा यूरिया के साथ जाईम रूपी लादन भी लेने के लिए बाध्य किया जाता है। अनावश्यक रूप से किसान मजबूरी में यूरिया के खाद जाईम लादन खरीद रहे है। यह स्थिति न किसान को आर्थिक रूप से कमजोर कर रहा है। बल्कि कृषि लागत में भी भारी बढ़ोतरी हो रही है।



## खबर संक्षेप

### सिद्ध बाबा आश्रम में सत्यनारायण कथा में शामिल हुए श्रद्धालु



करगी रोड कोटा। सिद्ध बाबा आश्रम में नारायणी सेवा समिति डोंगरीपारा के तत्वाधान में हरित अमावस्या पर सत्यनारायण कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू, पार्षद वेंकट लाल अग्रवाल, पूर्व पार्षद लखन लाल साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रंगनादम मुदलियार, दीपक साहू, कैलाश साहू, शिव साहू, मधुर बाबा सहित बड़ी संख्या में नागरिक व श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर आनंद साहू, विजय साहू, मनोज गुप्ता, पंचराम साहू, महावीर साहू, सूरज साहू, दीपा साहू, संतोषी साहू, भगवती साहू, तारामती साहू, चमेली साहू, मालती मानिकपुरी सहित समस्त मोहल्ला वासियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा समापन के पश्चात भंडारे में प्रसाद वितरण कर आयोजन को धार्मिक पूर्णता प्रदान की गई।

### कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल हुए त्रिलोक




**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग की ओर से नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में पिछड़ा वर्ग भागीदारी न्याय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बिलासपुर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोकचंद्र श्रीवास अपने सहयोगी जितेंद्र शर्मा, मोहसिन खान, अनिल सिंह कुशवाहा, वीरेंद्र तिवारी के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर त्रिलोक ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद, बीके हरिप्रसाद, छग विस के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं सांसद कोरबा ज्योत्सना महंत से भेंट मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में देश भर के हजारों पिछड़ा वर्ग प्रतिनिधि, समाज प्रमुख, सांसद, विधायक, मंत्री, पूर्व मंत्री सहित प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम को लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे सहित दर्जनों नेताओं ने संबोधित किया।

## निधन

### अनिता देवी कौशिक



तखतपुर। हरदी कला निवासी अनिता देवी कौशिक का 60 वर्ष की आयु में 25 जुलाई को निधन हो गया। वे संतोष कौशिक की धर्मपत्नि, अमित और नरेंद्र, नंदनी, एवं सरस्वती की मां थी। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरदीकला में किया गया।

### तनगू राम साहू



तखतपुर। बैगाकापा निवासी तनगू राम साहू 60 वर्ष का 24 जुलाई को निधन हो गया। वे राजकुमार साहू, ध्रुव कुमार साहू, डॉ शिव कुमार साहू, प्रहलाद साहू व राजेश साहू के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बैगाकापा में किया गया।

### रमा दुबे



तखतपुर। बेलसरी निवासी रमा दुबे 65 वर्ष का 25 जुलाई को निधन हो गया। वे चैतराम दुबे की पत्नि एवं लाला, बड्डू, छोटू की मां थी। इनका अंतिम संस्कार बेलसरी में किया गया।

### अशोकनाथ सिंह



बिलासपुर। पकरिया मल्हार वाले वर्तमान तिलक नगर चाटापारा निवासी अशोकनाथ सिंह ठाकुर का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 जुलाई को उनके निवास से सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. ठाकुर अमर सिंह के पुत्र थे।

### कमला सोनेजा



बिलासपुर। वी आई पी कालोनी शिव टाकीज चौक निवासी स्व. हरि ओम सोनेजा की पत्नी कमला सोनेजा का 25 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 जुलाई को सुबह 10 बजे उनके निवास से मुक्तिधाम मधुबन नारियल कोठी दयालबंद के लिए जाएगी। वे सुनील छाबड़ा की सास, जॉली छाबड़ा की मां, यश छाबड़ा, गौरव छाबड़ा की नानी थीं।

### नंदलाल नाथानी



बिलासपुर। महामाया विहार निवासी नंदलाल नाथानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 26 जुलाई को दोपहर 12.30 बजे से उनके निवास से झूलेलाल मुक्तिधाम कस्तूरबा नगर के लिए निकलेगी। वे स्वः आसरदास नाथानी के पुत्र एवं गुरुमुखदास, अनिल कुमार, विजय कुमार, विक्की के भाई एवं सुमित नाथानी के पिता थे।

### ग्रामीण बेहाल, स्कूली बच्चे सहित राहगीरों की जान जोखिम में

# सरकारी फाइलों में उलझा नरगोड़ा पोड़ी मार्ग, ग्रामीणों में आक्रोश

*सीपत। सीपत के समीप नरगोड़ा गांव से पोड़ी, कर्मा, बसहा को जोड़ने वाला लगभग 1 किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग सालों से बदहाली का शिकार है। बरसात के दिनों में यह सड़क एक बार फिर कीचड़, गड्ढों और पानी के दलदल में तब्दील हो चुकी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मार्ग नहीं बल्कि संकट बन चुका है। गांव के बुजुर्गों से लेकर स्कूली छात्र तक, सभी सालों से इस सड़क के सुधरने की उम्मीद में बैठे हैं। लेकिन कई बार आवेदन, शिकायत, गुहार और जनप्रतिनिधियों से आग्रह के बावजूद भी इस सड़क की किस्मत नहीं बदली।*



#### कहां जाएं स्थानीय लोग

ग्रामीणों का कहना है कि वे सरपंच से लेकर जनपद सदस्य, विधायक, कलेक्टर तक गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला है कार्य नहीं। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से बच्चे सीपत स्कूल, कॉलेज पढ़ने जाते हैं एवं कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं। महिलाएं खेत-खलिहान तक नहीं जा पा रही हैं एवं बीमार को अस्पताल ले जाने में कठिनाई होती है।

#### ग्रामीणों की प्रमुख मांग

सड़क निर्माण की जिम्मेदारी तय कर विभाग का स्पष्ट निर्धारण किया जाए, मार्ग को तत्काल मरम्मत या नई सड़क के रूप में स्वीकृति दी जाए, बरसात के सीजन में तात्कालिक राहत हेतु गड्ढों को मिट्टी व गिट्टी से भरा जाए, शासन-प्रशासन की उच्चस्तरीय टीम स्थल निरीक्षण करे।

#### हादसों की सड़क बनी नरगोडा की पगडंडी

सड़क में बने गहरे गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दुपहिया वाहन चालकों को तो अपनी जान हथेली पर रखकर इस मार्ग से गुजरना पड़ता है। इससे मुख्य रूप से गांव के छात्र-छात्राएं और बुजुर्ग भारी परेशान हैं। **ग्रामीणों की चेतावनी, होगा आंदोलन-** गांव वालों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द इस मार्ग के निर्माण की प्रक्रिया शुरू नहीं होती तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन छेड़ेंगे। अब शब्द नहीं, कार्य चाहिए।

#### सड़क का निर्माण किसकी जिमम्मेदारी

इस सड़क के निर्माण को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इसके निर्माण की जिम्मेदारी किसकी है। ग्रामीणों ने जब भी आवेदन लेकर संबंधित अधिकारियों के पास दस्तक दी तो उन्हें इधर से उधर दौड़ाया गया। वन विभाग कहता है, यह पीडब्ल्यूडी के अधीन है और पीडब्ल्यूडी इसे पंचायत क्षेत्र में आने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है। वहीं पंचायत कहती है, भूमि वन भूमि है, हम क्या करें। कुल मिलाकर तीनों विभागों के बीच इस सड़क का भविष्य अधर में लटका है।

#### सबसे व्यस्त मार्ग फिर भी उपेक्षित

यह मार्ग ठरकपुर, पोड़ी, कर्मा, बसहा, बेलतरा जैसे कई गांवों को सीपत से जोड़ता है। दैनिक आवागमन में इस मार्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है, फिर भी इसे प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं किया गया। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि कम आबादी वाले क्षेत्र की सड़कों को बनाया जा रहा है, लेकिन इस व्यस्त मार्ग को आखिर क्यों नजरअंदाज किया जा रहा है।

## चावल से भरा ट्रक पलटा, चालक घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

कार चालक को बचाने के चक्कर में चावल से भरा ट्रक पलट गया, जिसमें ट्रक चालक घायल हो गया। चावल से भरी एक ट्रक बिलासपुर से तखतपुर की ओर आ रही थी, इसी दौरान बिनौरी मोड़ के पास सामने की ओर से अनियंत्रित कार को ट्रक चालक ने बचाने का प्रयास किया। कार को बचाने के चक्कर में चावल से भरा ट्रक सड़क किनारे आ गया और अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया है, जिसमें ट्रक चालक घायल हो गया। वहां पर उपस्थित लोगों ने मदद कर चालक को ट्रक से निकाला और फिर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

## कुत्ता घुमाने को लेकर गाली-गलौज मारपीट, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**तखतपुर।** कुत्ते को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

जानकारी के अनुसार जरौंधा निवासी प्रार्थी तरूण साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जुलाई को शाम 7 बजे जरौंधा के दर्री तलाब के पास वह अपने पालतू कुत्ते को घुमा रहा था। इसी दौरान राधे साहू उसके कुत्ते को बार-बार छू कर परेशान कर रहा था जब तरूण ने उसे ऐसा करने से मना किया तो राधे साहू ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं राधे साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दुकान के पास बैठा हुआ था तभी तरूण अपने कुत्ते को लेकर वहां आया और उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296, 351,2 के तहत काउंटर अपराध पंजीबद्ध कर लिया।

## जिपं अध्यक्ष के चेंबर की फॉल्स सीलिंग गिरी, बड़ी दुर्घटना टली



**पेंड्रा।** जीपीएम जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा शुक्रवार को एक बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गईं। दरअसल दोपहर करीब साढ़े 3 बजे ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर रही थीं, इसी दौरान उनके चेंबर की फॉल्स सीलिंग अचानक गिर गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में समीरा पैकरा या उनसे मिलने आए लोगों को कोई चोट नहीं आई।

- स्थानीय लोगों से मुलाकात करते समय हुआ हादसा

समीरा पैकरा ने बताया कि वे पिछले तीन महीने से जिला पंचायत के अधिकारियों को सीलिंग की खराब स्थिति के बारे में बता रही थीं। उन्होंने कई बार चेतावनी दी थी कि इसके कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है एवं तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। ठेकेदार को काम करने का आदेश भी दिया गया था, लेकिन मरम्मत नहीं की गई। हादसे के बाद समीरा पैकरा ने अपना कार्यालय उपाध्यक्ष के चेंबर में स्थानांतरित कर दिया है। जब तक उनका चेंबर ठीक नहीं हो जाता तब तक जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष एक ही कार्यालय से काम करेंगे।

## अज्ञात वाहन ने मारी ऊंट को टक्कर, मौत

**रतनपुर।** बिलासपुर कटघोरा एनएच-130 पर बगदेवा और चेपा के बीच अज्ञात वाहन की ठोकर से एक ऊंट की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जंगल से भटक कर यह ऊंट इस इलाके में आ गया था, जिसे सड़क पार करते समय अज्ञात ट्रेलर ने टक्कर मार दी और ऊंट की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद और ट्रेलर चालक ट्रेलर सहित मौके से फरार हो गया। घटना रात के समय की बताई जा रही है, ऐसे में ऊंट का शव रात भर सड़क पर ही पड़ा रहा। राहत की बात यह रही कि इससे कोई सड़क दुर्घटना नहीं हुई। वैसे भी सड़क पर मवेशियों के जमावड़े के कारण आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। वहीं पुलिस अमला इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर बैठे मवेशियों के गले पर रेडियम पट्टी भी बांध रही है।

## दिव्यांग बच्चों को दी गई आवश्यक सामग्री



**तखतपुर।** समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का आकलन शिविर विकासखंड स्त्रोत केंद्र सेजेस विद्यालय तखतपुर में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं से ग्रसित बच्चों की आंकलन जांच कर प्रमाणीकरण करना एवं उनकी आवश्यकता अनुरूप सहायक उपकरण हेतु चिन्हित करना था। शिविर में जिला चिकित्सालय बिलासपुर से अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ विजय मिश्रा बौद्धिक दिव्यांगता विशेषज्ञ डॉ कतलम, मनोरोग विशेषज्ञ आयुष लाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ सीपी करण, आई टेक्नीशियन साहू की उपस्थिति में बच्चों की जांच की गई।

कार्यक्रम में डॉ अखिलेश तिवारी, सीमा त्रिपाठी श्यामनारायण पाण्डेय, सुदीप जांगड़े, कमलेश खोब्रागडे, गोविंद बांधे, भूपेंद्र चंद्राकर, विनीता सिंह लवकांत द्विवेदी, जय कुमार कौशिक की भागीदारी रही। शिविर में प्रारंभिक स्तर कक्षा 1 से 8 तक में अस्थि बाधित के 15, बौद्धिक निशक्त के 14, श्रवण बाधित 10, दृष्टिबाधित 18 मिलाकर कुल 57 बच्चे व माध्यमिक स्तर कक्षा 9वीं से 12वीं तक में अस्थि बाधित के 17, दृष्टिबाधित 6 सहित कुल 24 प्रारंभिक एवं माध्यमिक सहित कुल 81 बच्चे शिविर में उपस्थित हुए। शिविर में चिन्हांकित बच्चों को उपकरण व्हील चेयर, सीपी चेयर एडीएल कीट, टीचिंग लर्निंग किट, श्रवण यंत्र वितरण किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चे अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहे ।

## 5 समर्सिबल पंप सहित चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



पुलिस ने क्षेत्र में समर्सिबल पंप चोरी करने के मामले मे चार आरोपियों को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों से 5 पंप बरामद कर सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हरदीबांध निवासी राज मिस्त्री दिलहरण साहू ने 23 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि अटल परिसर निर्माण स्थल से अज्ञात चोर ने समर्सिबल पम्प सहित 20 हजार रूपए के सामान की चोरी कर ली। इस पर अपराध पंजीबद्ध पुलिस ने विवेचना शुरू की।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि बाधाबोरी निवासी शेरा बघेल ने अपने घर में बोर मशीन रखा हुआ है। सूचना पुलिस मौके पर पहुंची एवं शेरा बघेल को हिरासत लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अन्य साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग जगहों से पंप चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी शेरा बघेल की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य आरोपी विष्णु डाहिरे उर्फ गोलू पिता प्राण दास डाहिर 28 साल निवासी औराबाधा थाना लोरमी, राहुल बारमते ता रामसिंह बारमते 20 साल निवासी बांधा चौकी जूनापारा थाना तखतपुर, शिवशंकर अंचल पिता पुरुषोत्तम अंचल निवासी झझपुरीकली थाना लोरमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 समर्सिबल पंप बरामद कर लिया एवं धारा 305, 3(5) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए चारों को न्यायिक रिमांड पर भेजा दिया। एसडीओपी नवनीत पाटिल ने बताया कि सायबर टीम एवं स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से पांच समर्सिबल पम्प के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ.ग.**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 20250607130003 1/अ-6/ 2024-25 ग्राम-पाराघाट, तहसील मस्तूरी कमल किशोर गुप्ता पिता शंकर लाल गुप्ता निवासी टिकरापारा बिलासपुर, तहसील व जिला -बिलासपुर छ.ग....अपीलार्थी **विरूद्ध** 01. शीतम लाल श्रीवास पिता रघुनाथ श्रीवास 02. प्रीतम लाल श्रीवास पिता रघुनाथ श्रीवास निवासी दर्रीघाट, तहसील मस्तूरी, जिला-बिलासपुर .. उत्तरवादीगण

एतद् द्वारा ग्राम पाराघाट, प.ह.नं 22, रा.नि.मं. जयरामनगर तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर के उत्तरवादीगणों को सूचित किया जाता है कि, आवेदक द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार मस्तूरी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202408071400078/अ-6/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 14.11.2024 के विरूद्ध भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 30.07.2025 के लिए नियत है।

अतः आपको समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथी को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सामान्य आवास योजना खमतराई एम.आई.जी. - II / 08 श्री नारायण सिंह राठौर को स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती संध्या देवी चौबे को विक्रय करने हेतु इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 2274 दिनॉक 15.12.2021 को विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है। द्वितीय क्रेता श्रीमती संध्या देवी चौबे, के द्वारा उक्त भवन अपने नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन दिनॉक 19.06.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

किसी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - बिलासपुर**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना खमतराई बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एच.आई.जी. डुपलेक्स - 09 मूल आबंटी श्री अनिल कुमार वशिष्ट पिता स्व. श्री आर. पी. वशिष्ट को स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन दिनॉक 20.06.2013 को रजिस्ट्री निष्पादन करा लिया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन द्वितीय क्रेता श्रीमती मुन्नी शाह पति श्री चंदन शाह को विक्रय करने हेतु विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए आवेदन दिनॉक 26.06.2025 को कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय / अर्द्धशासकीय / संस्था आदि को इस भवन के विक्रय अनापत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता के इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार विक्रय अनापत्ति प्रमाण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी।

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र - बिलासपुर**

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक..../..../ सीमांकन /रा.नि./2024 दिनांक 22/7/2025

आवेदक प्यारे लाल आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. देवेन्द्रनाथ 2 लक्ष्मी बाई अन्य सर्व संबंधित

विषय सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. / तह. / ना. तह. / वा. / 2024 बिलासपुर दिनांक

ग्राम सिरगिटटी प.ह.न. 41 रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 189/76 रकबा 2400 व.फु. हे. के सीमांकन हेतु आवेदक / आवेदिका प्यारे लाल पि./प स्व. लाल जी निवासी नजर लालपारा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति. तह /ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/07/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि सबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक..../..../ सीमांकन /रा.नि./2024 दिनांक 22/7/2025

आवेदक प्यारे लाल आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. कन्हैया यादव 2 लक्ष्मी बाई अन्य सर्व संबंधित

विषय सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. / तह. / ना. तह. / वा. / 2024 बिलासपुर दिनांक

ग्राम सिरगिटटी प.ह.न. 41 रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 189/77 रकबा 2400 व.फु. हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका प्यारे लाल पि./प स्व. लाल जी निवासी नजर लालपारा जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति. तह/ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/07/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि सबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक..../..../ सीमांकन /रा.नि./2024 दिनांक ............

आवेदक किशोर कुमार आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. जे.डी. एन्थोनी 2 विष्णु कुमार 3. बटारक की भूमि अन्य सर्व संबंधित

विषय सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. / तह. / ना. तह. / वा. / 2024 बिलासपुर दिनांक

ग्राम सिरगिटटी प.ह.न. 41 रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 189/13 रकबा 2400 व.फु. हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका किशोर कुमार पि./प स्व. लाल जी निवासी शंकर नगर जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति. तह /ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/07/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि सबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

---

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-सिरगिटटी तहसील-बिलासपुर जिला-बिलासपुर छ.ग.

**सूचना**

क्रमांक..../..../ सीमांकन /रा.नि./2024 दिनांक ............

आवेदक कन्हैया लाल आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. देवेन्द नाथ 2 राजा सिंह 3. अक्षय अन्य सर्व संबंधित

विषय सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र. / तह. / ना. तह. / वा. / 2024 बिलासपुर दिनांक

ग्राम सिरगिटटी प.ह.न. 41 रा.नि.म. सिरगिटटी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 189/71 रकबा 3990 व.फु. हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/आवेदिका कन्हैया लाल पि./प स्व. लाल जी निवासी लोको खोली जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार / अति. तह /ना. तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 30/07/25 को समय 10 से 5 बजे किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि सबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवे एवं उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.म. सिरगिट्टी
तहसील व जिला बिलासपुर

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी पंकज कुमार सिंह पिता स्वर्गीय श्री कृष्णा सिंह निवासी सूर्या विहार, लिंगियाडीह, बिलासपुर से राजकिशोर, नगर आवासीय योजना में स्थित प.ह.नं. 20/32 रा.नि.मं. बिलासपुर विकासखंड बिल्हा, तहसील व जिला-बिलासपुर में स्थित भूखंड क्रमांक सी-229, रकबा 20x60-1200 वर्गफिट भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि प्रदान कर दी है। निकट भविष्य में उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन किया जाना है।

उक्त भूमि के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है तथा इसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नही होगा। सो सूचना जाने।

दिनांक : 25/07/2025
स्थान : बिलासपुर

**भवदीय,**
**समीर कुमार शर्मा (अधिवक्ता)**
**मो.नं. 9301586477**

---

समक्ष श्रीमान नोटरी सिविल जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// शपथ पत्र //**

मैं, पन्ना श्रीवास उम्र 45 वर्ष पिता श्री मुनिराम श्रीवास, पता- तालापारा, बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि:-

1. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नंबर 5039 5576 4142 है, जिसमें मेरा नाम पन्ना श्रीवास दर्ज है एवं मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम के बीमा पॉलिसी नंबर 358259696 है, जिसमें मेरा नाम अमर श्रीवास दर्ज है।

2. यह कि मेरे उपरोक्त दोनों नाम पन्ना श्रीवास एवं अमर श्रीवास दोनों के पिता श्री मुनिराम श्रीवास एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है, जिसमें से मैं अपने आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज सही नाम-पन्ना श्रीवास के ही अनुसार अपने बीमा पॉलिसी में नाम सुधार कराने हेतु यह शपथ पत्र निष्पादित किया हूं।

शपथकर्ता
पन्ना श्रीवास

**// सत्यापन //**

मैं, पन्ना श्रीवास उपरोक्त शपथ पत्र में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूँ।

शपथकर्ता
पन्ना श्रीवास

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार से अधिकृत होकर आम सूचना प्रकाशित करा रहा हुं, मौजा चांटीडीह, आर.के. पेट्रोल पंप के पास, सीताराम गैरेज में वाहन स्कॉर्पियो गाड़ी नं. सी.जी.10-एफ.ए.0999 है जो बलदाऊ प्रसाद गुप्ता के द्वारा सन 2019 एवं वाहन मार्शल सी.जी.04 व्ही.9001 है जो सन 2017 से में बनाने के लिए दिया गया था, उसके पश्चात से आज दिनांक लगभग 8 वर्ष तक उस वाहन को लेने नहीं आये हैं, अब सीताराम मो.नं.9691717265 है, का गैरेज वहां से कहीं और जा रहा है अतः जिस व्यक्ति का यह वाहन है वह 7 दिनों के भीतर सीताराम गैरेज में आकर संपर्क करें। अन्यथा उसके पश्चात किसी भी तरीके का आपत्ति अमान्य होगा।

बिलासपुर (छ.ग.)

अम्बरीष कुमार उपाध्याय
(अधिवक्ता)
कार्यालय/निवास
जगदम्बा कॉलोनी,
आर.के.पेट्रोल पंप के पीछे
अशोक नगर, सीपत रोड,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. -9981442132

---

**न्यायालय तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./ वाचक/2025
बिलासपुर दिनांक 14/07/2025

ग्राम लगरा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा लगरा प.ह.नं. 27 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 170 कुल रकबा 0.583 हे. भूमि की नक्शा बटांकन के लिए आवेदकगण मनोज कुमार, राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम लगरा तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. द्वारा आवेदन किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 04/08/2025 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही किये जावेगे।

आज दिनांक 14/07/2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

बिलासपुर, शनिवार 26 जुलाई 2025

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255




1089 स्टूडेंट्स में से 802 हुए इंट्रेंस एग्जाम में शामिल

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग अंतर्गत संचालित पांच डिपार्टमेंट के 15 पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार को इंट्रेंस एग्जाम हुआ। यह इंट्रेंस एग्जाम दो पालियों में हुआ, जिसमें 1089 स्टूडेंटस में 802 स्टूडेंट्स शामिल हुए, जबकि 287 स्टूडेंटस अनुपस्थित रहे।

# एयू यूटीडी में प्रवेश के लिए दो पालियों में हुआ इंट्रेंस एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश इंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से दिया जाता है। आज यूटीडी में दो पालियों में सुबह 12 से 2 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक इंट्रेंस एग्जाम हुआ। इस इंट्रेंस एग्जाम के लिए 1089 छात्र-छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था, जिनमें से 802 छात्र-छात्राएं एग्जाम में शामिल हुए, जबकि 285 स्टूडेंटस अनुपस्थित रहें। इंट्रेंस एग्जाम यूनिवर्सिटी प्रशासन एवं परीक्षा समिति के निर्देशन में हुआ, जिसमें पहली पाली में 14 पाठ्यक्रमों के लिए तथा दूसरी पाली में एम कॉम पाठ्यक्रम के लिए एग्जाम हुआ। यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पांच डिपार्टमेंट अंतर्गत 15 पाठ्यक्रम संचालित हैं, जिनमें यूजी में 400 और पीजी में 300 सीटें हैं। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी सहित रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे व परीक्षा नियंत्रक तरूणधर दीवान ने एग्जाम में सम्मिलित सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि परीक्षा के सफल आयोजन में परीक्षा संयोजक डॉ. एचएस होता, परीक्षा प्रभारी असिस्टेंट रजिस्ट्रार एफ कुरैशी, डॉ. कलाधर समेत यूनिवर्सिटी के सभी प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारियों का सहयोग रहा।



### यूजी-पीजी के 15 पाठ्यक्रम संचालित

यूटीडी में संचालित पाठ्यक्रमों बीसीए आनर्स कंप्यूटर साइंस, बीबीए, बीएससी आनर्स फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, बीकॉम आनर्स, बीएससी आनर्स इन माइक्रोबायोलाजी, बीएससी आनर्स आयोटेक्नोलाजी, बेजलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलाजी, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, एमबीए टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट, मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, एमएससी बायोटेक्नोलाजी, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी, एमकॉम न्यू कोर्स, एमएससी माइक्रोबायोलाजी एंड बायोइनफार्मेटिक्स पाठ्यक्रम शामिल हैं।

### एलुमनी एसोसिएशन का हेल्प डेस्क

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में नएसत्र में प्रवेश के लिए आज इंट्रेंस एग्जाम दौरान बाहर से आने वाले छात्र-छात्राओं के सहायता के लिए एलुमनी एसोसिएशन द्वारा हेल्प डेस्क लगाया गया था। इस हेल्प डेस्क में आने वाले परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था, एडमिट कार्ड जनरेट करने से लेकर अन्य समस्याओं का निदान त्वरित किया गया। हेल्प डेस्क में नीरज यादव, सौरभ दुबे, आकांक्षा, सारांश, अभिषेक, प्रदीप, भावेश, दिव्या, निशु, यशवंतप्रताप, जानवी, प्रांजल, रूद्र आदि शामिल रहे।

एजुकेशन

## यूपीएससी ईपीएफओ भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी




**बिलासपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में कुल 230 पदों पर भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। आधिकारिक अधिसूचना के तहत यूपीएससी ने एनफोर्समेंट ऑफिसर /एकाउंट ऑफिसर्स के लिए कुल 176 पद और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के लिए कुल 74 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। अगर आप भी इन पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, तो आप जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। फिलहाल यूपीएससी की ओर से शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आवेदन से संबंधित विस्तृत नोटिफिकेशन 26 जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में एनफोर्समेंट ऑफिसर/एकाउंट ऑफिसर्स और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर आवेदन प्रक्रिया 29 जुलाई दोपहर 12 बजे से शरू हो जाएगी। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 18 अगस्त, 2025 रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकते हैं।

# रक्षाबंधन 9 को, रेशम के धागे से लेकर सोने-चांदी तक की राखियां बाजार में

भाई-बहन का पावन पर्व रक्षाबंधन आगामी 9 अगस्त को धूमधाम से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बहनें अपने भाईयों के हाथों के लिए रेशम की धागे पर तुलसी, चंदन, सोने-चांदी जड़ित राखियां बांधने की तैयारी कर रही है। रक्षाबंधन पर्व के लिए 15 दिन पहले ही शहर के प्रमुख बाजारों की गिफ्ट, फैली शॉप, स्टॉल्स पर राखियों की दुकानें सज गई हैं।





बाजार में 10 रूपए से लेकर 50 हजार तक की राखी बिक रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वहीं सराफा बाजार में भी रक्षाबंधन पर्व पर रौनक बढ़ गई है, इसकी वजह भाई के लिए बहन का सोने-चांदी वाला प्यार, ज्वेलरी शोरूम से ऑर्डर पर तैयार करा रहा है। डिजाइनर राखियां लेने बहनें ज्वेलरी शोरूम में अपने भाइयों के लिए डिजाइनर सोने-चांदी की राखियों की खरीदारी करने पहुंच रही है। सराफ व्यापारी विमंथ सराफ ने बताया कि भाइयों के लिए डिजाइनर राखियां तैयार करने 15 दिन पहले ग्राहकों से ऑर्डर लिया जा रहा है। ग्राहकों के बजट के अनुरूप पसंद की डिजाइन में सोने-चांदी की राखियां तैयार की जा रही हैं। वहीं परमानेंट डिजाइन वाली चांदी-सोने की राखियां ऑन स्पॉट शोरूम में ग्राहकों के लिए उपलब्ध पिछले 5 सालों में सोने-चांदी की डिजाइनर राखियों की डिमांड बढ़ी है।



## आकृति महिला मंडल ने जवानों के लिए सौंपी 1001 राखियां

आकृति महिला मंडल अरविंद नगर सरकंडा की महिलाओं ने सिपाही रक्षासूत्र संकलन 2025 के अंतर्गत सिपाही शक्ति की जिला सचिव ममता साहू को 1001 राखियां देश के रक्षकों के लिए समर्पित किया। साथ ही रुद्राभिषेक में शिव मंत्रों से अभिमंत्रित कर सिपाही सपूतों के लिए राखियों की पूजा की। इस मौके पर अध्यक्ष पुष्पा ठाकुर, सचिव प्रभा पाटनवार, कोषाध्यक्ष मीरा ठाकुर, संरक्षक रेणुका मिश्रा, उप सचिव राजकुमारी चंद्राकर, सदस्य कावेरी कश्यप, शकुंतला चंद्राकर, उषा तिवारी, सक्रिय सदस्य शकुन केंवट, मीना पाटनवार, रमा कश्यप, नर्मदा मानसर, परमेश्वरी सराफ, गायत्री स्वर्णकार, पूर्णिमा देवांगन, मोना केंवट, मास्टर तीकाश साहू उपस्थित रहे।

**शिव मंत्रों से अभिमंत्रित कर की पूजा**

### रुद्राक्ष, मोतियों व फूल से बनी राखी सर्वाधिक डिमांड

बहनों में चांदी के ब्रेसलेट की सर्वाधिक डिमांड है,आकर्षक ब्रेसलेट पांच से 10 हजार रुपये तक में उपलब्ध है। इस बार राजस्थानी गोटे, रुद्राक्ष, मोतियों व फूल से बनी राखी के साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनायी गयी राखियां लोगों को काफी पसंद आ रही हैं। इसके अलावा कस्टमाइज फोटो वाली राखियां भी काफी आकर्षित कर रही हैं

### हैंड मेड राखी थाली ट्रेंड में



इस बार हैंड मेड राखी थाली ट्रेंड में है, विभिन्न तरीकों से तैयार की गयी इस थाली को बहनें खूब पसंद कर रही हैं। थाली को विभिन्न तरह के फूल, लैस, रंग - बिरंगे कपड़े वह अन्य चीजों से तैयार किया जा रहा है, जो देखने में भी काफी सुंदर है. थाली में चंदन, मिठाई, दीया और राखी रखने के लिए अलग-अलग भाग बनाये गये हैं। थाली की कीमत 250 से लेकर हजार तक है।

### सोने की राखियां 24-50 हजार, चांदी की पांच हजार तक उपलब्ध

अनमोल सराफ ने बताया की सोने की राखियां 20 हजार से लेकर 50 हजार तक हजार तक में उपलब्ध है, इनमें गणेश, ओम, त्रिशूल आदि आकृति बने हुए हैं। भूषण भवन के शशि कुमार ने बताया कि चांदी की राखी कीमत एक से पांच हजार तक जायेगा। पिछले कुछ सालों से चांदी की राखी की मांग में लगातार इजाफा हो रहा है। सोने की राखियां जहां एक से तीन ग्राम में उपलब्ध है. वहीं चांदी की राखी भी 5 ग्राम से लेकर 20 ग्राम तक में मिल रही है। बड़ी से लेकर लोकल कंपनियां मेकिंग चार्ज में छूट से लेकर अन्य ऑफरों से लोगों को लुभा रही हैं।

कार्यक्रम

## विदाई समारोह में गायन, नृत्य और कला की प्रस्तुति को सब ने सराहा




**बिलासपुर।** प्राचार्य कल्याण संघ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया,शासकीय सेवा से निवृत होने के बाद भी वरिष्ठ साथी कल्याण संघ से जुड़े रहना चाहते है, उनका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहेगा। भारती त्रिवेदी एवम नीरजा श्रीवास्तव नें प्राचार्य कल्याण संघ के लिए व्यक्तिगत 5-5 हजार रूपये का सहयोग दिया एवं मंजू ममता मिश्रा नें माता सरस्वती कि प्रतिमा भेंट की। सयुंक्त संचालक आदित्य एवं जिला शिक्षा अधिकारी विजय टांडे की उपस्थिति में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालक जितेंद्र खोबरागड़े एवम गायत्री तिवारी ने किया। अतिथियो का अभिनंदन स्वागत गीत से गायत्री तिवारी, स्मिता चोपड़ा, रचना नायडू, अर्चना शर्मा एवं रूबी हनीफी कि टीम का उत्कृष्ट प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में पी दासरथी, प्रशांत राय, अखिलेश मेहता उपस्थित रहें।

धर्म-क्षेत्र

## चालिहा महोत्सव में हर दिन हो रहा वरूणदेव यज्ञ



**बिलासपुर।** श्री झूलेलाल वेलफेयर सोसायटी समिति द्वारा सिंधी धर्मशाला गोल बाजार में आयोजित श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव उत्साह से मनाया जा रहा है। महोत्सव का ओम सांई ने अखंड ज्योति प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इसका समापन 29 अगस्त को होगा। महोत्सव में हर दिन वरूणदेव यज्ञ हो रहा है। समाज के लोगों ने बताया कि देश भर में श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव आरंभ हो चुका है। इसी क्रम में बिलासपुर में यह महोत्सव मनाया जा रहा है। इस 40 दिनों में समाज के लोग भगवान झूलेलाल की पूजा, आराधना, भक्ति, सिमरन करेंगे। उनका कहना है कि एक तरफ भगवान झूलेलाल का चालीहा महोत्सव आरंभ हुआ। दूसरी तरफ सावन महोत्सव भी आरंभ हो चुका है। दोनों में काफी समानताएं हैं। भगवान शिव को भोलेनाथ कहा जाता है क्योंकि वे बड़े सरल स्वभाव और जल्दी प्रसन्न होने वाले भगवान है।

## सावन उत्सव में संगीत, नृत्य, कविता पाठ किया



**बिलासपुर।** राजकिशोर नगर समन्वय समिति के सभागृह में राजकिशोर नगर समन्वय समिति एवं केसर अटल आवास महिला समन्वय समिति ने हरेली तिहार व सावन उत्सव मनाया। महिलाओं ने प्रकृति के हरित रूप श्रृंगार से सुशोभित होकर प्रकृति की शोभा का निदर्शन प्रस्तुत किया।

बच्चों एवं महिलाओं के द्वारा सावन व तिहार सम्बंधित कई रोचक प्रश्नोत्तरी, संगीत ,नृत्य ,कविता पाठ में अंशग्रहन किया। निर्णायक मण्डली द्वारा पूछे गए सावन उत्सव व हरेली तिहार,ज्ञान विज्ञान से सम्बंधित प्रश्नों का उत्तर बच्चों द्वारा बुद्धिदीप्त प्रस्तुति दर्शकदीर्घा का मनमोह लिया। इस अवसर पर बिशेष अतिथि के तौर पर दीपिका विश्वास,प्रमोद तिवारी, राकेश खरे, नित्यानंद चौधरी, के सी चतुर्वेदी रही।

## महिलाओं ने सावनोत्सव पर गाया गीत, नृत्य



### जयंती शर्मा चुनीं गईं सावन सुंदरी

शिव हनुमान मंदिर राजस्व कॉलोनी सरकंडा में सावन उत्सव मनाया गया। जिसमें महिलाओं ने सावन के गीत, नृत्य पेश कर खेल का आयोजन किया। जयंती शर्मा सावन सुंदरी चुनी गई। इस कार्यक्रम की आयोजक स्वरांजली विनचुरकर रहीं। इस मौके पर सुनिता, रूपाली श्रीवास्तव, वैदेही ठाकरे, कविता चौबे, मुन्नी परिहार सहित कॉलोनी की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

आयोजन

## महिला सशक्तिकरण के लिए 4 दिवसीय शिविर



**बिलासपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लिमितरी में वोकेशनल ट्रेनिंग के तहत महिला सशक्तिकरण के लिए 4 दिवसीय ब्यूटी पार्लर एवं केक मेकिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रोटेरियन सुधा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिसमें प्रशिक्षिका द्वारा ब्यूटी केयर के बारे में बताया गया। प्रशिक्षिका ने सजाने में उपयोग किए जाने वाली सामग्री की भी जानकारी दी गई, केक मेकिंग प्रशिक्षण प्रीति गोरे के द्वारा प्रतिदिन केक बनाने का प्रशिक्षण दिया। सभी 30 प्रतिभागियों ने रैंप वॉक का प्रदर्शन कर सभी अतिथियों का मन मोह लिया, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिरगिट्टी थाना सब इंस्पेक्टर संतोषी अग्रवाल मौजूद थी, सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कार्नर न्यूज

सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए, सुबह 10.30 बजे बंद हो जाएगा परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार

# आबकारी भर्ती परीक्षा कल, 34 हजार परीक्षार्थी 110 केन्द्रों में देंगे परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापमं द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा रविवार 27 जुलाई को बिलासपुर सहित प्रदेश के 31 जिलों में एक साथ आयोजित की जाएगी। बिलासपुर में राज्य में सबसे ज्यादा 34,440 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा इसके लिए जिले में 110 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। व्यापम के अध्यक्ष रेणु जी पिल्ले ने परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

व्यापम की यह परीक्षा पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सुबह 11 बजे से 1.15 बजे तक होगी, लेकिन अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार 10.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा केन्द्रों में भारत इलेक्ट्रानिक लिमिटेड द्वारा जैमर तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी। परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थियों को हेण्ड मेटल डिक्टेटर तथा हाथों से तलाशी अर्थात फ्रिस्किंग की जाएगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक महिला एवं एक पुरूष पुलिस कर्मी फ्रिस्किंग का यह कार्य करेंगे। उन्हें परीक्षा शुरू होने के ढाई घंटे पहले अपनी उपस्थिति केन्द्र में देनी होगी। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी द्वारा कराई जाएगी। परीक्षा केन्द्र के प्रत्येक कक्ष में एक दीवाल घड़ी लगाया है। परीक्षार्थियों के लिए अलग से जारी निर्देश के तहत उन्हें परीक्षा के लिए निर्धारित समय से दो घंटा पहले पहुंचना होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। यह परीक्षा सवेरे 11 बजे से शुरू हो रही है। मुख्य द्वार सुबह 10.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोषाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरने उपरांत ही ऐसे पोशाक की अनुमति होगी। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित किया गया है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी आदि ले जाने पर प्रतिबंध है। परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग पर कठोर कार्रवाई की जायेगी और उनकी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट एक ने लिखाई रिपोर्ट

**बिलासपुर।** गाली गलौज करते हुए राड से मारपीट करने वालों के खिलाफ कोनी थाने में अपराध दर्ज किया गया है। घटना पौंसरा की है। पुलिस के अनुसार पौंसरा निवासी छोटे लाल करने पिता झुमुक लाल करने ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 जुलाई की रात उसके बेटे गौरव के साथ गांव में रहने वाले राजाराम, राजेन्द्र और अन्य लोगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है। इस दौरान बीच बचाव में पहुंचने पर आरोपियों ने प्रार्थी और उसके भतीजे दिलेश डोंगरे, अमन के साथ ही गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडा, राड के साथ मारपीट किया है। मारपीट के कारण दिलेश डोंगरे के सिर और छाती और अमन के माथे में चोट के निशान है। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### बाइक चोरी, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**बिलासपुर।** घर में रखी बाइक को चोरी करने वाले आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी व बाइक मालिक एक दूसरे को पहचानते है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के गीतांजली सिटी फेस 2 का है। पुलिस के अनुसार गीतांजली सिटी फेस 2 में रहने वाले अविनाश दुबे पिता राजेश दुबे प्राइवेट नौकरी करते है। उन्होंने पुलिस को बताया कि ग्राम डोंगिया सलौनी जिला शक्ति निवासी मजदूर तेजदास महंत का उससे जान पहचान थी।अविनाश ने 10 दिसंबर 2024 को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 डब्ल्यू 8569 को खड़ी किया था, इस दौरान उसकी चाबी बाइक में लगी थी। आरोपी तेज दास महंत ने अविनाश को बिना बताए ही बाइक पार कर दी। इस दौरान 6 माह से बाइक की पतासाजी की जा रही थी, प्रार्थी ने आरोपी के खिलाफ चोरी की रिपार्ट दर्ज कराई है।

### दैहिक शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** मंगला क्षेत्र की एक महिला का 2 साल तक दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 45 वर्षीय महिला ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि मंगला का रहने वाले आदर्श विश्वकर्मा उम्र 36 वर्षीय की जान पहचान पिछले दो सालों से है। आरोपी ने महिला को अपने जाल में फंसाकर शादी की नियत से दैहिक शोषण करता रह, वह उसके घर भी आता रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को लेकर शिकायत के बाद जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बदमाशों ने डिलीवरी बॉय को पीटा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** स्विगी कंपनी के डिलीवरी बॉय के साथ राजकिशोर नगर के कुछ शरारती युवकों ने पहले तो हुज्जतबाजी की और मना करने पर पिटाई कर दी। युवक ने अज्ञात शरारती युवकों के खिलाफ सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करबला कुम्हारपारा निवासी विजय मोटवानी पिता रेहन्दामल मोटवानी स्विगी कंपनी का डिलीवरी राइडर है। गुरूवार की रात 11 बजे वह खाने का आर्डर लेकर राजकिशोर नगर गया था, इस दौरान ऊर्जा पार्क मोड के पास वह मोबाइल पर बात कर कस्टमर का लोकेशन पता कर रहा था। इस दौरान एक सफेद स्कूटी में 3 युवक पीछे से आए और युवक से हुज्जतबाजी करना शुरू कर दिया। युवक के साथ गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की गई। जिससे युवक गंभीर चोटें आई है।



सिरगिट्टी में गोकने नाले पर बने पुल के उपर बह रहा पानी, खतरा मोल लेकर पुल पार कर रहे वाहन चालक।

# 8 सेमी. बारिश, कई इलाके डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम दबाव का क्षेत्र बना होने के कारण जिले में भारी बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में शहर में 8 सेंटीमीटर बारिश हुई, इससे सड़कों से लेकर लोगों के घरों तक पानी भर गया। बारिश के साथ बिजली भी सताती रही। घंटों बिजली बंद होने से लोग हलाकान होते रहे।

■ **12 घंटे में भारी बारिश होने की संभावना**

शुक्रवार को हुई बारिश से बंधवापारा, पुराना बस स्टैंड, सरकंडा, तोरवा, श्रीकांत वर्मा मार्ग, व्यापार विहार, हंसा विहार, देवरीखुर्द, राजकिशोर नगर, मोपका, सिरगिटटी, मंगला, उसलापुर आदि क्षेत्रों में सड़क से लेकर बेडरूम तक पानी घुस गया था। परेशान लोग सारा काम छोड़कर पानी निकालते रहे। बारिश के कारण चौबे कालोनी, शिवम होम्स, अरविंद नगर, मगरपारा, मंगला, गीतांजलि सिटी, हंसा विहार, मित्र विहार तोरवा जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति बन रही। इसके साथ ही मिशन अस्पताल रोड, सरकंडा सहित कई इलाके पानी में डूब गए। इसके साथ ही टेलीफोन एक्सचेंज रोड, लिंक रोड, विद्या नगर, तोरवा चौक, तालापारा, व्यापार विहार सहित शहर की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गईं।

### सुधर नहीं सकी बिजली व्यवस्था

पिछले दो दिनों में ध्वस्त बिजली व्यवस्था सुधर नहीं सकी है। नेहरू नगर, करबला, अज्ञेय नगर, सदर बाजार, भारतीय नगर,व्यापार विहार ,मोपका ,सकरी, तिफरा जैसे 2 दर्जन से अधिक क्षेत्रों में बिजली बंद की शिकायत रही। इस दौरान बिजली कई बार आती व जाती रही, बारिश के कारण मरम्मत में काफी समय लगा। शहर के मुंगेली नाका,नेहरू नगर,कुदुदंड, दीनदयाल कालोनी ,जरहाभाठा क्षेत्र में लगातार 10 से 12 बार बिजली बंद हो रही थी। इन क्षेत्रों के फीडर, ट्रांसफार्मर का हाल बेहाल रहा इसके चलते बिजली बंद होती रही, वहीं कई वार्डो के पानी सप्लाई को लेकर दिक्कत मचती रही, मेन सप्लाई चालू होने के बाद भी पंप कनेक्शन में बिजली बंद के कारण फोर्स की कमी देखी गई। जिसके कारण लोगों को पानी की समस्या हो रही है।

### जिले में अब तक 588.6 मि.मी. बारिश दर्ज

बिलासपुर जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 588.6 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है। जो कि पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 450.9 मिमी से 137.7 मिमी अधिक है। अधीक्षक भू अभिलेख के अनुसार सबसे अधिक बारिश 759.2 मिमी बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 433.8 मिमी कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 713.1 मिमी, बिल्हा तहसील में 553.7 मिमी, मस्तूरी में 600.2 मिमी,तखतपुर में 625.2 मिमी, सीपत में 599.2 मिमी, बोदरी में 529.9 मिमी, बेलतरा में 481 मिमी, रतनपुर में 571.1 मिमी, सकरी में 620 मिमी और पचपेड़ी तहसील में 576.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1202.3 मिमी है।

### अधिकारी व कर्मचारियों की अघोषित छुट्टी

कलेक्टर कार्यालय के सामने पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में तीन दिन से बिजली बंद थी, जिसके कारण यहां 23 विभागों में काम काज पर सीधे असर पड़ा, पंजीयन कार्यालय में दो दिन से रजिस्ट्री ठप रही, कई लोगों ने पहले से ही पंजीयन का नामांकन किया था, लेकिन रजिस्ट्री नहीं होने के कारण उन्हें मायूस होना पड़ा। बिजली नहीं होने के कारण अधिकारी और कर्मचारियों ने कार्यालय में बैठना उचित नहीं समझा और कार्यालय खाली रहे। खास बात यह है कि अधिकारी और कर्मचारियों की अघोषित छुट्टी जैसा माहौल रहा, हालांकि कार्यालय बंद होने के समय शाम 6 बजे बिजली आई।



बंधवापारा स्कूल प्रांगण में भरा पानी, बच्चों की छुट्टी होने से गेट में लटक रहा ताला।

# स्कूल में भरा पानी, बच्चों की छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो दिन से सुबह और शाम हो रही बारिश के कारण स्कूलों में पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। शहरी क्षेत्र में ही 20 से अधिक स्कूलों में पानी भर गया और बच्चों की छुट्टी करनी पड़ी।

■ **कीचड़ और पानी के बीच बच्चों की क्लास लगानी पड़ी**

मोपका, सेंदरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बंधवापारा के स्कूल तो तालाब से नजर आ रहे हैं। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण अघोषित छुट्टी का माहौल रहा

लगातार हुई बारिश से शहर के साथ-साथ सिरगिट्टी इलाके के पूर्व माध्यमिक स्कूल सिरगिट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरगिट्टी में पानी भर गया। साथ ही दो निजी स्कूलों में पानी भरने से कम बच्चे पहुंचे। इन स्कूलों में एडमिशन की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। यहां के निवासियों के मुताबिक इस तरह की समस्या कई सालों से है।

### यह रही स्कूलों की हालत

बंधवापारा स्कूल में तो जलभराव हर साल होता है। यहां ऊपर खेतों से पानी आने और उसकी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण कई हिस्सों में घर के अंदर पानी घुसता है। इस साल भी प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में पानी भर गया।

■ शासकीय प्राथमिक शाला कुटीपारा मोपका में भारी बारिश से स्कूल में पानी भर गया है और बिजली का करंट कई क्लास रूम में दौड़ने की शिकायत की गई है। यहां कक्षा एक से पांचवी तक यहां कुल 125 बच्चे अध्ययनरत हैं।

■ शासकीय प्राथमिक शाला तुर्काडीह में पानी भरने के चलते चारों तरफ कीचड़ रहा जिससे आसपास गंदगी फैली रही। बच्चों ने बताया कि बारिश में यहां हर साल परेशानियों का समाना करना पड़ता है।

■ बारिश से तिफरा स्थित शासकीय स्कूल का मैदान तालाब में तब्दील हो गया। स्कूल का छत जर्जर होने के कारण बारिश का पानी क्लास में रूम में टपकने लगा। इससे पूरे क्लास में पानी भर गया। सभी बच्चों की छुट्टी कर दी गई।

■ दो दिन हुई तेज बारिश के कारण सिरगिट्टी के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में पानी भर गया है। इसके चलते अधिकांश शिक्षक और बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे। बारिश के कारण 24 घंटे के बाद भी पानी खाली नहीं हुआ है। इसके चलते पढ़ाई ठप पड़ गई।

■सिरगिट्टी के बन्नाक चौक स्थित स्कूल परिसर में भी पानी भर गया। स्कूल भवन पहले से गढ्ढे में हैं पानी निकलने के लिए नाली की सुविधा नहीं है। सामने मुख्य सड़क है, जिसकी ऊंचाई बहुत ज्यादा है। सड़क से बहकर पानी स्कूल परिसर में जमा हो जाता है।

### 1100 दर्ज संख्या वाला स्कूल डूबा

शहर के बीच स्थित सिरगिट्टी हायर सेकेंडरी स्कूल पूरी तरह पानी में डूब गया है। तालाब बने इस स्कूल में बच्चों की छुट्टी कर दी गई है, क्योंकि क्लासरूम और स्टाफ रूम सभी पानी से भरे हुए हैं। टेबल कुर्सी से लेकर क्लास में रखे सामान तक भीग गए हैं। इस स्कूल में नगपुरा, कोरमी, कीर्ति नगर, परसदा, बन्नाकडीह, बसिया, मन्नाडोल, तारबहार, झोपड़ापारा और रेलवे परिक्षेत्र के 1100 बच्चे पढ़ने पहुंचते हैं। स्कूल में स्कूल 9 कमरे हैं जो कि कम हैं। 6 कमरों की और जरूरत है।

■ जिले के मस्तूरी ब्लाक के ग्राम गोड़ाडीह के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बच्चे जान को जोखीम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। भारी बारिश के कारण स्कूल में चारों तरफ पानी ही पानी है और स्कूल टापू में तब्दील हो गया है।

### ग्रामीण क्षेत्र भगवान भरोसे

जहां शहर का हाल बेहाल है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे ही है। सकरी , हाफा, बहतराई, कोनी, सेंदरी, सिलपहरी सहित अन्य जगहों पर गुरुवार की रात से 10 घंटा से अधिक देर तक बिजली बंद रही, वहीं शुक्रवार को भी दिनभर बिजली की आंख मिचौली रही।

### की जा रही है व्यवस्था

स्कूलों का दौरा कर व्यवस्था की जा रही है। नगोई प्राथमिक और मिडिल के साथ बेलसरी प्राथमिक और मिडिल स्कूल में अधिक परेशानी हुई।

-विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

# एयू ने हास्टल निर्माण के लिए मांगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी जिला प्रशासन से जमीन की मांग की है। यूनिवर्सिटी को गर्ल्स हास्टल निर्माण के लिए जमीन की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी परिसर से लगे 17 एकड़ शासकीय जमीन है जिसमें से तीन एकड़ जमीन की मांग की गई है। इसके लिए यूनिवर्सिटी ने प्रशासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है।

■ **ट्रांजिट हास्टल के पीछे तीन एकड़ जमीन का प्रस्ताव भेजा**

अटल यूनिवर्सिटी को पहले कोनी-बिरकोना मार्ग पर 67 एकड़ जमीन मिली थी। इसी जमीन में यूनिवर्सिटी का नया कैंपस पांच मंजिला भवन बना है। लेकिन यूनिवर्सिटी को और भी जमीन की आवश्यकता है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी लगातार प्रयास कर रही है। यूनिवर्सिटी परिसर से लगे ही 17 एकड़ शासकीय जमीन है, जिसमें से तीन एकड़ जमीन की मांग यूनिवर्सिटी ने जिला प्रशासन से की है। इस जमीन पर यूनिवर्सिटी गर्ल्स हास्टल निर्माण की योजना बनाई है। क्योंकि यूनिवर्सिटी के यूटीडी में संचालित विभिन्न पाठयक्रम में पढ़ने के लिए बाहर-बाहर से स्टूडेंटस एडमिशन लेते हैं। यूनिवर्सिटी से शहर दूर पड़ता है और आवागमन की भी समस्या होती है। इसके चलते बहुत से स्टूडेंटस खासकर छात्राएं एडमिशन लेने से कतराते हैं। इसलिए यूनिवर्सिटी गर्ल्स हास्टल निर्माण कराना चाहती है और इसी के लिए जमीन मांगी गई है। यूनिवर्सिटी को यह उम्मीद भी है कि यह तीन एकड़ जमीन उसे मिल जाएगी।

### ट्रांजिट हास्टल में नहीं मिले 10 कमरे

अटल यूनिवर्सिटी के कोनी-बिरकोना मार्ग स्थित परिसर में लोक निर्माण विभाग द्वारा 52 कमरों का ट्रांजिट हास्टल बनवाया गया है। इस भवन का निर्माण अधिकारियों और कर्मचारियों के अस्थाई आवास के लिए कराया गया है। यूनिवर्सिटी की ओर से इस ट्रांजिट हास्टल की भी मांग की गई थी, जिसमें से 10 कमरे यूनिवर्सिटी को देने की सहमति बनी है। लेकिन यूनिवर्सिटी को अभी तक कमरे नहीं मिले हैं।

### की गई है जमीन की मांग

अटल यूनिवर्सिटी को और जमीन की आवश्यकता है। यूनिवर्सिटी द्वारा प्रशासन से जमीन की मांग रखी गई है और परिसर से लगे हुए शासकीय जमीन में से तीन एकड़ जमीन गर्ल्स हास्टल के लिए मांगा गया है, जिसकी प्रक्रिया चल रही है।

-शैलेन्द्र दुबे
रजिस्ट्रार, एयू

# जल जीवन मिशन के सौ ठेकेदारों पर चला अनुशासन का डंडा

**बिलासपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना में काम कर रहे जिले के सौ ठेकेदारों पर शासन ने अनुशासन का डंडा चला दिया है। शासन ने योजना के अंतर्गत प्रत्येक हितग्राही के घरों तक पानी पहुंचाने की स्थिति में ही ठेकेदारों को शत प्रतिशत भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। इसके विपरीत घरों में पानी नहीं पहुंचने की दशा में संबंधित ठेकेदार का सीधे 30 प्रतिशत भुगतान रोकने की भी बात कही गई है।

■ **पूरा काम नहीं करने वालों का सीधे 30 प्रतिशत भुगतान रोकने की तैयारी**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना का काम कर रहे ठेकेदारों की शासन ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस योजना के अंतर्गत जारी शर्तों के अंतर्गत प्रत्येक शर्त पूर्ण करने की दशा में ही ठेकेदारों को भुगतान किया जाएगा। अन्यथा की स्थिति में उनका भुगतान 70 प्रतिशत पर ही रोक दिया जाएगा। इसका सीधा अर्थ यह हुआ कि अच्छे से अच्छा काम करने के बाद



भी यदि एक शर्त को भी पूरा नहीं किया गया तो भुगतान में सीधे 30 प्रतिशत की कटौती कर दी जाएगी।

योजना की शर्तों में हितग्राही के घरों तक न केवल नल कनेक्शन पहुंचाना, बल्कि पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना है। इसी तरह पाईप लाईन बिछाने के दौरान जिन सड़कों की खुदाई की गई है, उन्हें पहले की ही तरह बनाकर देना भी शामिल है। इसी तरह अन्य शर्तें भी रखीं गईं हैं, जिनकी पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में ठेकेदारों को भुगतान में लंबा नुकसान उठाना पड़ सकता है। यह योजना वर्ष 2019-20 में प्रारंभ की गई थी, जिसके अंतर्गत अब तक भुगतान को लेकर कोई शर्त नहीं थी।

### प्रगति दिखाने पर होगा भुगतान

सीधे शब्दों में कहा जाए तो प्रत्येक हितग्राही के घरों में नल से पानी निकलने की शर्त पर ही संबंधित ठेकेदार का पूरा भुगतान किया जाएगा। बीते वर्षों तक भुगतान के लिए ऐसी कोई शर्त नहीं थी, लेकिन शासन द्वारा योजना की शत प्रतिशत सफलता को ध्यान में रखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष से इस व्यवस्था को अमल में लाया गया है। आज की स्थिति में जिले में केवल 12 ठेकेदार ऐसे हैं, जो 70 प्रतिशत से अधिक भुगतान प्राप्त करने की श्रेणी में शामिल हैं। शासन की अपेक्षानुसार काम नहीं करने वाले ठेकेदारों को किसी भी सूरत में भुगतान नहीं किया जाएगा। यही कारण है कि मार्च महीने से योजना के अंतर्गत शासन से राशि की मांग भी नहीं की गई है। ठेकेदार पहले कार्य की अपेक्षित प्रगति दिखाएं तभी भुगतान हो सकेगा।

-हर्ष कवीर, ईई पीएचई

**एक लाख 95 हजार का लगाया जुर्माना**

# शिव टाकिज, पीवीआर व सिटी 36 सिनेमास पर पेनाल्टी

**बिलासपुर।** अवैध बैनर और होर्डिंग लगाने पर नगर निगम ने संचालक, शिव टॉकिज, संचालक, पी.वी.आर. रामा मेग्नेटो मॉल और संचालक, सिटी 36 सिनेमास पर 1,95,000 (एक लाख पन्चान्बे हजार) की पेनाल्टी लगाई है। 24 घण्टे में पेनाल्टी नहीं पटाने पर संस्थान को सील करने की चेतावनी दी गई है।

■ **वैध होर्डिंग्स, विज्ञापन बोर्ड, फलैक्स बैनर लगाकर फिल्म का प्रमोशन**

संचालक, शिव टॉकिज, संचालक, पी.वी.आर. रामा मेग्नेटो मॉल और संचालक, सिटी 36 सिनेमास द्वारा शासकीय संपत्तियों में बिना नगर निगम के अनुमति के 39 नग अवैध होर्डिंग्स, विज्ञापन बोर्ड, फलैक्स बैनर लगाकर उक्त टॉकिज में प्रदर्शित होने वाले जित्तू की दुल्हनिया नामक फिल्म का प्रचार-प्रसार कर शासकीय संपत्तियों को विरूपित करते हुए सड़क बाधा उत्पन्न किया गया है। इस पर एक लाख 95 हजार की पेनाल्टी लगाई गई है।

### होर्डिंग्स लगाने के लिए नियम बनाया

ध्यान रहे कि नगर निगम ने होर्डिंग्स लगाने के लिए नियम बनाया है। इसमें अनुमति से लेकर होर्डिंग्स के साइज सहित अन्य मानक तय किए गए हैं। यही वजह है कि होर्डिंग्स लगाने वालों को कागजात जमा करने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही प्रमुख सड़कों, चौक-चौराहों, पेड़-पौधों, शासकीय संपत्तियों, डिवाईडर पोल, विद्युत पोल, हाईमास्क पोल, सिग्नल के पोल एवं बॉक्स, बिजली ट्रांसफार्मर, वीएमडी के उपर में किसी भी प्रकार का राजनीतिक, धार्मिक, व्यवसायिक, जन्मदिन संदेश से संबंधित निजी अवैध बैनर, पोस्टर, फ्लैक्स, लकड़ी के बोर्ड , सनपेक बोर्ड, होर्डिंग का किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा लगाया जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी कुछ दुकानदार और संस्था इसका पालन नहीं कर रहे हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# अज्ञात चोरों ने तोड़ा राशन दुकान का ताला, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शासकीय उचित मूल्य की दुकान सोठी में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर राशन का माल पार कर दिया है। चोरो ने 25 बोरी शक्कर की चोरी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। ग्राम सोंठी में अजय कुमार तिवारी पिता स्व गोर्वधन प्रसाद तिवारी की शासकीय उचित मूल्य की दुकान है। 7 जुलाई को उनकी दुकान में 25 बोरी शक्कर आया था, जिसे गोदाम के बगल के कमरे में रखा गया था। श्री तिवारी रोज की तरह शाम 6 बजे दुकान और गोदाम में ताला बंद कर अपने घर ग्राम देवरी चले गए।24 जुलाई की सुबह 11 बजे चौकीदार शेखर प्रजापति ने उन्हें जानकारी दी कि गोदाम के बगल के रूम का ताला टूटा हुआ है। दुकान मालिक ने अंदर जाकर देखा तब 25 बोरी शक्कर अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर लिया गया था। इस दौरान चोरों ने 3 बोरी धान के बीज को छुआ तक नहीं है। पुलिस ने मामले की शिकातय पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### करंट की चपेट में आने से 14 वर्षीय बच्ची की मौत



कूलर में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से सेमरताल में रहने वाली बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची 6वी कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। करंट के बाद बच्ची बेहोश हो गई, परिजनों ने उसे इलाज के लिए सिम्स लाया था, लेकिन डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया है। घटना कोनी थाना क्षेत्र के सेमरताल की है। शुक्रवार की सुबह बच्ची 14 वर्षीय दीपा धीवर घर थी, इस दौरान वह सुबह 8 बजे कूलर चालू करने प्लग लगा रही थी, अचानक उसके हाथ में करंट दौड़ गया और करंट के झटके से वहीं बेहोश हो गई। परिजनों ने उसे उठाकर सिम्स में लिए रवाना हुए, सुबह 9 बजे सिम्स लाया गया, डाक्टरों ने इमरजेंसी वार्ड में उसे चेक किया लेकिन उस समय तक बच्ची की सांसे थम चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर बच्चे के शव का पीएम कराया है। वहीं परिजनों का बयान लिया गया है। घटना के बाद गांव में मातम पसर चुका है।

